उज्जैन
शुक्रवार
24
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-170
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



हॉलीवुड में दक्षिण एशियाई प्रतिनिधित्व पर प्रिया कंसारा ने जताई खुशी संजय भंसाली के साथ काम करने की इच्छा

पेज- 8

## नरवणे बोले- चीन गतिरोध में सरकार ने अकेला नहीं छोड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्व आर्मी चीफ चीफ जनरल एमएम नरवणे ने गुरुवार को कहा कि 2020 में चीन के साथ गतिरोध में सरकार ने सेना को अकेला नहीं छोड़ा था।



सरकार पूरी तरह से सपोर्ट में थी और पूरा अधिकार दिया था कि हालात बिगड़ने पर चीनी सैनिकों पर गोलियां चला सकें। जनरल नरवणे ने गुरुवार को कुछ चैनल्स को दिए इंटरव्यू में अपनी किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी से जुड़े विवादों पर बात की। इंडिया टुडे से बातचीत में कहा, जो उचित समझो वह करो टिप्पणी सशस्त्र बलों पर सरकार के पूरे भरोसे को दर्शाती है और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जमीनी स्थिति का जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों को फ्री हैंड दिया गया था।

## इस्लाम में महिलाओं के मस्जिद आने पर रोक नहीं

**नई दिल्ली।** केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कोर्ट से कहा कि इस्लाम महिलाओं को नमाज के लिए मस्जिद आने से नहीं रोकता है, लेकिन यह बेहतर है कि वे घर पर ही इबादत करें। एआईएमपीएलबी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एम.आर. शमशाद ने उखकसूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-जजों की संविधान बेंच को बताया कि महिलाओं को कुछ नियमों के अधीन मस्जिद में नमाज पढ़ने की अनुमति है। उन्होंने अदालतों से धार्मिक रीति-रिवाजों को न्यायिक रूप से तय नहीं करने का आग्रह भी किया।

## सोशल इंजीनियरिंग और एसआईआर के चक्रव्यूह से सत्ता वापसी की तैयारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सियासी बिसात पर 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट अभी से सुनाई देने लगी है। जहां समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव 'पीडीए' के नारे के साथ मिशन-2027 का बिगुल फूंक चुके हैं और सत्तारूढ़ भाजपा सत्ता की हैट्रिक लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरी ताकत झोंक रही है, वहीं बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने भी अपनी खामोश लेकिन बेहद मारक रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश की राजनीति जो पिछले कुछ समय से दो ध्रुवीय होती दिख रही थीं, उसे मायावती एक बार फिर त्रिकोणीय बनाने की कवायद में जुट गई हैं।



## मणिपुर में मेइरा पाईबी की महिलाएं उतरीं सड़कों पर

**इंफाल।** मणिपुर में बीते 7 अप्रैल को रॉकेट हमले में दो बच्चों की मौत हो गई थी। प्रदर्शनों में 3 मौतें हो गई थीं। तबसे विरोध-प्रदर्शन चल रहे हैं। अशांति के बीच 18 अप्रैल से पूर्ण बंद लागू है। सामान्य जीवन ठप है। इसी बीच अब मेइरा पाइबी समूह की महिलाएं सड़कों पर उतर आईं हैं। हजारों महिलाओं का यह समूह शांति-व्यवस्था के लिए न केवल सड़कों पर प्रदर्शन कर रहा है, बल्कि सामाजिक स्तर पर लोगों को भी जोड़ रहा है। ये महिलाएं दिन में रास्ते रोक रही हैं, धरना दे रही हैं। वहां से न पुलिस निकल सकती है, न कोई और। वहीं, रात में मशाल रैलियों से इलाकों की पहरेदारी भी कर रही हैं। एक प्रदर्शनकारी महिला ने बताया- घर संभालना, आंदोलन में जाना और रोजी-रोटी की चिंता, तीनों को साथ लेकर चलना चुनौतीपूर्ण है।

### जो जानबूझकर पीएनजी कनेक्शन नहीं लेंगे उनकी


# बाधित हो सकती है एलपीजी सप्लाई

### कनेक्शन नहीं उपभोक्ताओं को जून माह के बाद गैस सिलेंडर नहीं दिया जाएगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सरकार ने एलपीजी संकट से निपटने और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कमर कस ली है। जिन इलाकों में पीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो गया है, वहां पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार ने तय किया है कि कंपनियों को निश्चित अवधि में कनेक्शन उपलब्ध कराना होगा।

जो जानबूझ कर पीएनजी कनेक्शन नहीं लेंगे, उनकी एलपीजी सप्लाई बाधित हो सकती है। सरकार ने साफ किया है कि जो उपभोक्ता कनेक्शन नहीं लेते उन्हें जून माह के बाद गैस सिलेंडर नहीं दिया जाएगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने उपभोक्ताओं से कहा है कि जिनके घर के आसपास से पीएनजी पाइप लाइन जा रही है वे पीएनजी कनेक्शन जरूर लें। यह सस्ती और ज्यादा सुरक्षित है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि वर्तमान



मिडिल ईस्ट संघर्ष से उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए भारत सरकार द्वारा पीएनजी नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर, ऐसे स्थानों पर जहां पर सीजीडी संस्था की पाइप लाइन मौजूद है, घरेलू, व्यावयिक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस संबंध में जिला स्तर पर जिला प्रशासन, खाद्य विभाग, नगरीय निकाय, ऑयल कंपनी एवं सीजीडी संस्थाओं के अधिकारियों द्वारा सतत रूप से कैम्पों का आयोजन कर पीएनजी के लाभ एवं पीएनजी कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया से आम जनता को अवगत कराया जा रहा है।

### पीएनजी सबसे स्वच्छ और सुरक्षित ईंधन

पीएनजी का मतलब पाइप्ड नेचुरल गैस है। यह मुख्य रूप से मीथेन से बनी एक प्राकृतिक गैस है, जो पाइपलाइन के माध्यम से सीधे घरों और उद्योगों तक पहुंचाई जाती है। यह सिलेंडर (एलपीजी) का एक सुरक्षित, सुविधाजनक और स्वच्छ विकल्प है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से कुकिंग के लिए किया जाता है। मीथेन में कार्बन और हाइड्रोजन का अनुपात सबसे कम है, जो पीएनजी को सबसे स्वच्छ ईधनों में से एक बनाता है। भारत में पीएनजी के घरेलू भंडार बहुत अधिक हैं, इसलिए एलपीजी की तुलना में पीएनजी का उत्पादन और आपूर्ति भू-राजनीतिक उथल-पुथल से कम प्रभावित होती है। एलपीजी प्राप्त करने के लिये उपभोक्ताओं की ऑयल कंपनी में बार-बार सिलेंडर बुक कराना पड़ता है, जबकि पीएनजी में कुकिंग गैस 24 37 सुलभ रूप से उपलब्ध होती है। एलपीजी की अपेक्षाकृत पीएनजी कम दर पर उपलब्ध है। पीएनजी के उपभोक्ता को उसके द्वारा वास्तविक उपयोग की गई, मात्रा का ही भुगतान करना होता है, जबकि एलपीजी के संबंध में पूरा सिलेंडर बुक करके प्राप्त किया जाता है। पीएनजी पर पकाए गए भोजन का पोषण मूल्य बेहतर होता है, क्योंकि एलपीजी की तुलना में पीएनजी से निकलने वाली गर्मी की तीव्रता कम होती है। मौजूदा एलपीजी स्टोव को बहुत कम खर्च पर पीएनजी के उपयोग के लिए बदला जा सकता है।

# 7 महीने में कुपोषण से तीन बच्चों की मौत

### मृत बच्ची के पिता बोले- टीकाकरण के बाद हालत बिगड़ी, बेटे का इलाज रीवा में जारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

सतना जिले के माथे से कुपोषण का कलंक मिटने का नाम ही नहीं ले रहा है। कुपोषण की गंभीर स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मझगवां ब्लॉक अंतर्गत पिछले 7 माह में 3 बच्चों की कुपोषण ने जान ले ली है।

इसे महिला बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले की नाकामी नहीं तो और क्या कहेंगे? हर बार एक मासूम का जीवन लीलने के बाद नोटिसों का दौर कुछ दिन तक चलता है, या फिर किसी छोटे कर्मचारी पर गाज गिरा कर सब अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते है जबकि धरातल पर कुपोषण उसी तरह अकड़ कर खड़ा रहता है।

अक्टूबर 2025 में मरवा नयागांव के हुसैन रजा की अति कुपोषण से मौत के बाद सतना से ले कर भोपाल तक खूब शोर मचा और सरकारी संवेदनाएं सुनाई दी। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने तो यहां तक कहा कि सरकार इस विषय में काफी गंभीर है। जमीनी स्तर पर कुपोषण से लड़ने का मास्टर प्लान बनाया जा रहा है ताकि फिर किसी मासूम की कुपोषण से मौत न हो। 7 माह बाद भी अभी तक उस मास्टर प्लान का कही पता नहीं है। मझगवां विकासखंड अंतर्गत 7 माह में कुपोषण से हुई तीनों मौतों पर बारीकी से पड़ताल की। यह जानने का प्रयास किया कि आखिर स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभागों की जमीनी स्तर तक पहुंच के बावजूद चूक कहा हो रही है? लेकिन उससे पहले जान लेते है तीनों मासूमों की मौत कब और किन परिस्थितियों में हुई।

# पीएम मोदी ने हुगली में नाव की सवारी की

### नाविकों से भी मिले, शाह बोले- ममता के गुंडों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हुगली नदी में नाव की सवारी की है। इस दौरान पीएम मोदी ने खुद से फोटोग्राफी भी की। तस्वीरों में वे हाथ में कैमरा लिए नजर आ रहे हैं। उन्होंने नाविकों से बातचीत भी की।

पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नाव की सवारी वाली तस्वीरें शेयर की। उन्होंने लिखा- हर बंगाली के लिए गंगा का एक बहुत ही खास स्थान है। यह कहना गलत नहीं होगा कि गंगा बंगाल की आत्मा में बहती है। हुगली के तट पर मैंने पश्चिम बंगाल के विकास और महान बंगाली समाज की समृद्धि के लिए हमारे संकल्प को दोहराया।



इधर, गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को बंगाल के आरामबाग में चुनावी रैली में कहा कि मैं दीदी (ममता बनर्जी) के गुंडों को चेतावनी देता हूं कि वे 29 तारीख को अपने घरों से बाहर नहीं निकलें। अगर वोटिंग के दिन आरामबाग के लोगों को परेशान किया गया, तो 5 तारीख के बाद उन्हें उल्टा लटका कर सबक सिखाने का काम करेंगे।

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को रिकॉर्ड वोटिंग हुई। बंगाल की 294 में से 152 सीटों पर पहले फेज में 92.72% मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 85.14% वोटिंग हुई।

## सीबीएसई दसवीं कक्षा की दूसरी बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम जारी, 15 मई से शुरू होंगे पेपर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दसवीं कक्षा के उन छात्रों के लिए दूसरी बोर्ड परीक्षा की डेटशीट जारी कर दी है, जो अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। नई शिक्षा नीति के तहत लागू की गई इस दो-स्तरीय परीक्षा प्रणाली के तहत दूसरी बोर्ड परीक्षा का आयोजन 15 मई से 21 मई, 2026 तक किया जाएगा। जारी आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, परीक्षाओं की शुरूआत 15 मई को गणित (बेसिक और स्टैंडर्ड) विषय के साथ होगी और समापन 21 मई को सामाजिक विज्ञान के पेपर के साथ होगा। बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार, इस परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की सटीक संख्या की जानकारी शुक्रवार को सार्वजनिक की जाएगी और जल्द ही छात्रों के लिए एडमिट कार्ड भी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

यह नई व्यवस्था दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि बोर्ड ने इस वर्ष से पहली बार 'टू-बोर्ड एग्जाम सिस्टम' को लागू किया है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं के तनावपूर्ण स्वरूप को कम करना और छात्रों को अपने प्रदर्शन को निखारने का एक और अवसर प्रदान करना है। नियमों के मुताबिक, केवल वही छात्र दूसरी बोर्ड परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे, जिन्होंने फरवरी-मार्च में आयोजित हुई पहली मुख्य बोर्ड परीक्षा में भाग लिया था। छात्र विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किन्हीं तीन विषयों का चयन करके अपने अंकों में सुधार का विकल्प चुन सकते हैं।

## बड़े चैनलों के मालिक एंकरों का शोषण करते हैं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना**

महिलाओं पर दिए बयान के बाद पूर्णिया सांसद चारों ओर से घिर गए हैं। गुरुवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर लाइव आकर अपनी सफाई दी। सांसद ने कहा, मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार ने भी विधानसभा में महिलाओं को लेकर बयान दिया था, उसे याद कीजिए। उनका बयान कुछ और था, लेकिन बीजेपी वालों ने कुछ और बना दिया। नीतीश जी को भी मोदी जी ने गाली दी थी। सांसद ने कहा, मेरी पत्नी और बेटी को क्यों गाली दी जा रही है? जो लोग मेरी मां, पत्नी और बेटी को गाली दे रहे हैं, वे ठीक नहीं कर रहे हैं। मैं मर्द हूं, जरूर लडूंगा। अब कह दिया है तो जब तक जिंदा रहूंगा, यह लड़ाई लड़ता रहूंगा।

# ट्रम्प ने लेबनान-इजराइल में 3 हफ्ते का सीजफायर कराया

### कहा- ईरान के साथ कोई जल्दबाजी नहीं है, परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से इनकार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजराइल और लेबनान के राजदूत स्तर की दूसरी बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर को तीन हफ्तों के लिए बढ़ाने का ऐलान किया।

उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि वह जल्द ही इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन को व्हाइट हाउस बुलाने की योजना बना रहे हैं।

ईरान के साथ समझौते को लेकर ट्रम्प ने कहा कि कोई भी डील तभी होगी जब वह अमेरिका के हित में होगी। उन्होंने साफ किया कि इस मामले में कोई तय समय सीमा नहीं है और वह जल्दबाजी में फैसला नहीं करेंगे।



उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के खिलाफ परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। उनके मुताबिक पारंपरिक (नॉन-न्यूक्लियर) हमलों से ही ईरान को पहले ही भारी नुकसान पहुंचाया जा चुका है, इसलिए परमाणु हथियारों की जरूरत नहीं है।

### ट्रम्प ने आर्मी के बाद नौसेना चीफ को बर्खास्त किया

अमेरिका में रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के भीतर लगातार बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को आर्मी चीफ रैंडी जॉर्ज को हटाया था। अब नौसेना प्रमुख जॉन फेलन को भी पद से बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही परमाणु विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी एंड्रयू हग को संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में सस्पेंड किया गया है, जो कथित तौर पर हनी ट्रैप में फंस गया था। यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका, ईरान के साथ जंग में उलझा हुआ है। फारस की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना एक्टिव है।

## खबर एक नजर...

### नागझिरी उद्योगपुरी में युवक के साथ हुई मारपीट

**उज्जैन।** नागझिरी में रहने वाला पप्पू पिता रमेशचंद्र डाबी 23 साल ड्रायवरी करता है। उसने अपनी लोडिंग उद्योगपुरी क्षेत्र में बालाजी तोलकांटे के पास खड़ी थी कि गुरुवार सुबह वह लोडिंग लेने पहुंचा तो वहां खड़े अंकित, अभिषेक और शुभम ने अपने 2 अन्य साथियों के साथ मिलकर पूर्व में गाली-गलौच करने की बात पर मारपीट की और धमकी देकर भाग निकले। घायल पप्पू के परिवार को मारपीट की खबर मिली तो बहन डायल 112 पर कॉल किया। घायल को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नागझिरी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### माकडोन के युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम कढाई में रहने वाले अरूण पिता नारायण जाधव 22 साल ने गुरुवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर अरूण का भर्ती किया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि उसने जहरीला पदार्थ क्यों खाया है। मामले की सूचना ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा अस्पताल पुलिस चौकी को दी गई है।

### चाकू मारने वाले बदमाश का कोर्ट में आत्मसमर्पण

**उज्जैन।** पुरानी रंजीश में 2 भाईयों पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले बदमाश ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने रिमांड पर लेकर हमले में प्रयुक्त चाकू बरामद कर गुरुवार दोपहर कोर्ट में पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। नीलगंगा थाना क्षेत्र के नीलगंगा अखाड़े के पीछे मामा भानेज की दरगाह के पास रहने वाले आकाश पिता नंदकिशोर प्रजापत और उसके भाई अनिल प्रजापत पर 11-12 अप्रैल को पुरानी रंजीश में क्षेत्र के बदमाश विक्की उर्फ कालू पिता सुरेन्द्रसिंह तोमर ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 (1), 118 (1), 115 (2), 296 (बी), 351 (3), 3 (5) में अपराध दर्ज कर चाकू मारने वाले बदमाश की तलाश शुरू की थी। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। 10 दिन बाद बदमाश ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। खबर मिलते ही नीलगंगा थाना एसआई मनोहर बडोदिया कोर्ट पहुंचे और बदमाश को एक दिन की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया। इस दौरान सामने आया कि पुलिस गिरफ्त से बचने के लिये उसने अपना हुलिया बदल लिया था और सिर मुंडवा कर फरारी काटने शहर से बाहर चला गया था, लेकिन परिवार से पुलिस की लगातार पूछताछ के दबाव में आकर उसने आत्मसमर्पण कर दिया। रिमांड अवधि में बदमाश से हमले में प्रयुक्त धारदार चाकू बरामद किया गया है। गुरुवार दोपहर को रिमांड पूरा होने पर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया है। बदमाश के खिलाफ पूर्व में कई अपराध दर्ज होना सामने आये है।

### किसानों के हक में गूंजी उज्जैन कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड की आवाज

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के तत्वाधान में भोपाल के रोशनपुरा चौराहा स्थित जवाहर भवन में किसानों की ज्वलंत समस्याओं और उनकी न्यायोचित मांगों के समर्थन में एक दिवसीय किसान सत्याग्रह एवं उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उज्जैन कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष हर्ष जैन ने अन्नदाता किसानों के हक, सम्मान और अधिकारों की आवाज दृढ़ संकल्प के साथ बुलंद की। सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव के नेतृत्व मे आयोजित कार्यक्रम में यह संकल्प लिया गया कि किसानों के साथ हो रहे किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ संघर्ष लगातार जारी रहेगा। कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड उज्जैन के अध्यक्ष हर्ष जैन ने कहा कि अन्नदाता की हर न्यायसंगत मांग को पूरा कराने के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी और किसानों की आवाज को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

## फ्रीगंज ब्रिज निर्माण के दौरान मैन राइजिंग लाइन में लीकेज

# जलसंकट की आहट के बीच सड़क पर दो घंटे बहा पानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

फ्रीगंज ब्रिज के पास गुरुवार सुबह निर्माण कार्य के दौरान मेन राइजिंग पाइपलाइन में अचानक लीकेज हो गया। तेज दबाव के साथ पानी सड़क पर बहने लगा। सूचना मिलते ही पीएचई विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर लीकेज को ठीक किया।

दरअसल जहां ब्रिज निर्माण कार्य चल रहा है, वहां मेन राइजिंग लाइन पर सुरक्षा के लिए लगाई गई धातु की प्लेट गायब थी। आशंका जताई जा रही कि यह प्लेट चोरी कर ली गई थी। इसी कारण पाइपलाइन कमजोर हो गई और जैसे ही सुबह जलप्रदाय शुरू हुआ, लाइन से पानी रिसने लगा और लीकेज बढ़ गया।



पानी के तेज बहाव के कारण सड़क पर आवागमन प्रभावित हुआ। इस दौरान कई गैलन पानी बहा, जिससे कुछ कॉलोनियों में जलप्रदाय हो सकता था।

लीकेज के दौरान करीब 2 घंटे तक पानी सड़कों पर बहता रहा, जिसके चलते बहता हुआ पानी ब्रिज से चामुंडा माता तक पहुंच गया। इस दौरान लगभग 50 से 60 हजार लीटर पानी व्यर्थ गया। अगर लीकेज को समय रहते सही नहीं किया जाता तो फ्रीगंज वह आसपास के क्षेत्र में जलप्रदाय काफी प्रभावित हो सकता था।

# राजस्थान से आ रही गर्म हवा ने बढ़ाई तपन, पारा 40 डिग्री







ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राजस्थान से आ रही गर्म हवा ने मालवा में तपन बढ़ा दी है। यही कारण है कि सात दिन तक पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर ही दर्ज किया गया।

मौसम विभाग भोपाल के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ, मध्य क्षोभ मंडलीय पछुआ पवन में एक ट्रफ के रूप में, माध्य औसत समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इसी तरह चक्रवातीय परिसंचरण दक्षिण पश्चिम राजस्थान एवं उससे सटे पाकिस्तान क्षेत्र के उत्तर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर ऊपरी वायु चक्रवातीय परिसंचरण बना हुआ है।

इस कारण दिन में तपन ज्यादा महसूस हो रही है। मौसम विभाग ने अगले चार दिन में तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है।

दिन भले ही तप रहे हो, लेकिन रात में फिलहाल राहत है। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार जिन सात दिन में पारा 40 के पार पहुंच गया था, उन्हीं रातों में यह 23 डिग्री से ज्यादा नहीं गया। सात में से तीन दिन की शुरूआत में आसमान पर बादल छाए रहे। शाम को भी राहत देती हवा चल रही है।

## केक काटकर मनाया वर्ल्ड टेबल टेनिस डे, प्रचार प्रसार का लिया संकल्प





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

23 अप्रैल को अलखधाम नगर स्थित टेबल टेनिस हॉल में उज्जैन जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के सौजन्य से वर्ल्ड टेबल टेनिस डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह और खेल भावना देखते ही बनती थी। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं पूर्व खिलाड़ी राजेश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर छोटे छोटे बच्चों के साथ मनोरंजक खेल आयोजित किए गए जिनमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चो को वर्ल्ड टेबल टेनिस डे के बारे में जानकारी दी गई और खेल के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्था की सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी 76 वर्षीय नीना दादवानी थी, अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष एस के वशिष्ठ ने की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय शालेय में शिरकत करने वाले खिलाड़ी सागर भीरोड़े एवं उभरते हुए खिलाड़ी अर्जुन सिंह का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी टेबल टेनिस प्रेमियों ने केक काटकर वर्ल्ड टेबल टेनिस डे का जश्न मनाया। इस दौरान उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों, खिलाड़ियों एवं अभिभावकों ने टेबल टेनिस के व्यापक प्रचार प्रसार का संकल्प भी दोहराया।

# सिंहस्थ मेले में शाही स्नान पर ट्रेन उज्जैन नहीं आएगी

## सभी फ्लैग स्टेशनों पर ट्रेनें रुकेंगी, वहीं से श्रद्धालु बसों के जरिए शिप्रा नदी तक पहुंचेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों के बीच रेल से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए गुरुवार को अधिकारियों का दल विशेष सैलून से आसपास के प्रस्तावित होल्डिंग एरिया और फ्लैग स्टेशनों का निरीक्षण करने पहुंचा।

गुरुवार सुबह करीब 10 बजे रतलाम से उज्जैन पहुंचे एडीआरएम अक्षय कुमार के साथ एडीजी राकेश गुप्ता, संभागायुक्त आशीष सिंह, , कलेक्टर रौशन सिंह,डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा सहित एक दर्जन से अधिक अधिकारी पंवासा, नईखेड़ी, पिंगलेश्वर, मोहनपुरा, विक्रमनगर और चिंतामन स्टेशनों पर पहुंचे। एडीआरएम अक्षय कुमार ने बताया कि पर्व और शाही स्नान के दिनों में भीड़ को देखते हुए ट्रेनों को उज्जैन स्टेशन तक नहीं लाया जाएगा। सभी ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका जाएगा, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।






अधिकारियों ने अलग-अलग स्टेशनों पर यात्रियों के प्रवेश और निकास मार्गों का निरीक्षण किया। साथ ही भीड़ नियंत्रण और यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की जानकारी ली। मेला अधिकारी आशीष सिंह ने स्टेशनों से घाटों तक बस सेवा शुरू करने के निर्देश दिए। वहीं रेलवे अधिकारियों ने बताया कि नईखेड़ी स्टेशन पर चार नए प्लेटफॉर्म बनाए जाएंगे और अन्य फ्लैग स्टेशनों पर भी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

उज्जैन
शुक्रवार
24
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### किप्ट्रो करेंसी एक्सेज के लिए बुलाया, बिना रुपए दिए भगा दिया

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में क्रिप्ट्रो करेंसी एक्सचेंज को लेकर मामला सामने आया है। बताया जाता है कि बुधवार को कृष्णा नाम के युवक के साथ कुछ लोगों ने डरा धमका रुपए वसूले हैं। कृष्णा को धमकाने वाले युवक खुद को पुलिसकर्मी बता रहे थे। बाद में कृष्णा मामले की जानकारी लेकर एरोड्रम थाने भी पहुंचा। यहां से उसे भगा दिया। गुरुवार को डीसीपी से शिकायत हुई है। इसके बाद अफसर थाने पहुंचे और दो घंटे के फुटेज अपने साथ लेकर चले गए। मामला विद्याधाम मंदिर के पास का है। बुधवार को यहां कृष्णा नाम के युवक को किप्ट्रो करेसी एक्सचेंज के नाम पर कुछ लोगों ने बुलाया था। बताया जाता है कि कृष्णा से इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिसकर्मी बताकर पकड़ा और रुपए अपने पास रखकर उसे बंद करने की धमकी दी। बाद में युवक वहां से चले गए। कृष्णा शिकायत लेकर एरोड्रम थाने पहुंचा। लेकिन यहां बाहर से ही पुलिसकर्मियों ने उसकी शिकायत सुने बिना उसे भगा दिया। गुरुवार को डीसीपी कृष्णा लाल चंदानी से युवक अपने परिचित के साथ मिला था। सूत्रो के मुताबिक रात मे एडिशनल डीसीपी सुमित केरकेटटा एरोड्रम थाने पहुंचे थे। यहां उन्होंने दो घंटे के सीसीटीवी फुटेज उन्होंने देखे। इसके बाद वह लैपटॉप में फुटेज लेकर अपने साथ चले गए। हालांकि इस मामले से जुड़ी पुष्टि अफसरों ने नहीं की है। कृष्णा से रुपए लेने वाले युवक एरोड्रम के स्टॉफ से जुड़े बताए जा रहे हैं।

### निगम में गड़बड़ी की गाड़ी, निजी गाड़ियों में घूम रहे एमआईसी सदस्य

**इंदौर।** नेता प्रतिपक्ष से लेकर तमाम एमआईसी सदस्य निजी गाड़ियों में घूम रहे हैं, लेकिन नगर निगम से टैक्सी के बिल वसूले जा रहे हैं। फॉर्च्यूनर-स्कॉर्पियो से घूम रहे सदस्यों ने निगम के रिकॉर्ड में उसी गाड़ी को इनोवा बता रखा है। हद यह है कि सरकारी विभाग में निजी गाड़ियां अटैच ही नहीं हो सकती, लेकिन यहां बिना रोक-टोक के लंबे समय से हर महीने लाखों रुपए के बिल निकाले जा रहे हैं। नगर निगम में अटैच वाहनों की पड़ताल में सामने आया है कि एमआईसी सदस्यों और अफसरों को आवंटित कई गाड़ियों की जानकारी निगम के रिकॉर्ड से मेल ही नहीं खाती। इनमें सभापति मुन्नालाल यादव, नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे को आवंटित वाहन भी शामिल हैं। नेता प्रतिपक्ष को आवंटित गाड़ी किसी कंपनी की बताई है, पर आरटीओ में वह गाड़ी माधवी चौकसे के नाम पर दर्ज है। चिंटू चौकसे की फॉर्च्यूनर जिसे निगम के रिकॉर्ड में इनोवा बताकर बिल लिया जा रहा है। वित्त-लेखा विभाग की स्कॉर्पियो रिकॉर्ड में इनोवा।

### सफाई काम ठीक नहीं मिलने पर दरोगा निलंबित

**इंदौर।** इंदौर शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल लगातार मैदान में उतरकर निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को भी उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान सफाई कार्य में लापरवाही मिलने पर निगमकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एजेंसियों पर भी पेनल्टी लगाई गई। कमिश्नर ने अरिहंत नगर, लुनियापुरा रेलवे क्रॉसिंग, अन्नपूर्णा तालाब, सैफी नगर रेलवे स्टेशन, राजेंद्र नगर, राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन, कैलाश मार्ग और पुलिस लाइन सहित अन्य इलाकों का निरीक्षण किया। वार्ड 62 के गाड़ी अड्डा रेलवे क्रॉसिंग के पास कचरा और गंदगी मिलने पर उन्होंने संबंधित सीएसआई को फटकार लगाई और वार्ड दरोगा रविंद्र खोड़े को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। वहीं, वार्ड 6 और 8 के लोहारपट्टी, कैलाश मार्ग, अहिल्यापुरा चौराहा और पुलिस लाइन क्षेत्र में भी सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई।

### पति-पत्नी समेत चार आरोपी गिरफ्तार, फोन कर 15 लाख की फिरौती मांगी थी

# इंदौर पुलिस ने सात घंटे में अगवा बच्चों को ढूंढा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर पुलिस ने तिरुपति गार्डन से अगवा दोनों बच्चों को गुरुवार देर रात करीब दो बजे सुरक्षित बरामद कर लिया। मामले में एक दंपती, एक युवक और एक युवती को गिरफ्तार किया गया है। युवक-युवती आपस में भाई-बहन हैं।

नैतिक सोनकर (9) और सम्राट (11) गुरुवार शाम करीब 7 बजे लापता हो गए थे। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक नाबालिग लड़की उन्हें अपने साथ ले जाते हुए दिखी थी। बच्चों के दादा पूनमचंद जयदेव ने पुलिस को बताया था कि एक महिला ने वीडियो कॉल के जरिए 15 लाख रुपए की फिरौती मांगी है। इसके बाद फोन बंद हो गया।

सूचना मिलते ही टीआई सुरेंद्र रघुवंशी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बच्चों को तलाशने में संयोगितागंज, बड़ी ग्वालटोली, राजेंद्र नगर, द्वारकापुरी, तुकोगंज और पलासिया थाने की टीमों को लगाया। जिस नंबर से बच्चों के दादा को फोन आया था, उसे सर्विलांस पर डाला। इसकी लोकेशन निकालकर बच्चों को राजेंद्र नगर के दत्त नगर में एक बिल्डिंग से बरामद कर लिया।

एसीपी तुषार सिंह ने बताया- पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखकर आरोपी लड़की के रूट की पहचान की। जिस नंबर से फिरौती का फोन आया था, उसे सर्विलांस पर डाला। मुखबिरों को भी सक्रिय किया गया। सभी आरोपी आपस में वॉट्सएप पर चैटिंग कर रहे थे। इनमें से एक नंबर से ही वॉट्सएप कॉल करके उन्होंने 15 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। इस नंबर को पुलिस ने सर्विलांस पर लगाकर लोकेशन पता कर ली। बच्चों को दत्त नगर की एक बिल्डिंग में रखा गया था। हम बहुत ही सावधानी से वहां पहुंचे। पुलिस को देखते ही आरोपियों ने भागने की कोशिश की लेकिन हमने उन्हें पकड़ लिया।

एसीपी सिंह ने बताया- आरोपियों में भाई-बहन राधिका और विनीत समेत पति-पत्नी ललित और तनिशा शामिल हैं। तनिशा और राधिका आपस में दोस्त हैं। उन्होंने बच्चों का अपहरण क्यों किया, इस बारे में पूछताछ जारी है।

#### पक्षी-जानवर दिखाने के बहाने ले गई थी लड़की

नैतिक के पिता जूस का ठेला लगाते हैं, जबकि सम्राट के पिता ढोलक बजाने का काम करते हैं। नैतिक के चाचा राहुल सोनकर ने कहा कि दोनों बच्चे शाम करीब 6 बजे तिरुपति गार्डन में क्रिकेट खेल रहे थे। जब दादी उन्हें देखने पहुंचीं, तो दोनों वहां नहीं मिले। उन्होंने कहा- आरोपी लड़की बच्चों को पक्षी-जानवर दिखाने के बहाने ले गई थी। सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

# खड़ी कार में आग, बोनट से उठीं लपटें

### लोगों ने समय रहते काबू पाया, टायर और पूजन सामग्री दुकान में भी आगजनी की घटना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर के लसूड़िया इलाके में एक गार्डन के पास खड़ी कार में गुरुवार रात अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि कार के बोनट से पहले धुआं निकला और देखते ही देखते लपटें उठने लगीं। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने ही आग पर काबू पा लिया।

घटना स्कीम नंबर 78 की है, जहां कार में आग लगी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार को कुछ देर पहले ही यहां खड़ा किया गया था। इसके बाद अचानक उसमें से धुआं निकलने लगा और आग भड़क गई। लोगों की सतर्कता से आग को समय रहते बुझा लिया गया।

वहीं एरोड्रम क्षेत्र के 60 फीट रोड पर एक पुराने टायर की दुकान में भी आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक पोल से हुए शॉर्ट सर्किट के कारण आग भड़की। आग लगने से आसपास की इमारतों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आधा टैंकर पानी डालकर आग पर काबू पाया।

वहीं फायर ब्रिगेड के अनुसार बुधवार रात स्कीम नंबर 78 में एक पूजन सामग्री की दुकान में आग लग गई। यह दुकान साईंनाथ पूजन सामग्री के नाम से संचालित होती है, जो शिवानी पाठक की बताई जा रही है। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

वहीं नेहरू नगर स्थित अमृत धाम गेट के पास कचरे में आग लग गई, जिससे उठे धुएं के कारण पहली मंजिल पर सो रही एक महिला और उसके बच्चे का दम घुटने लगा। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल कर्मियों ने आग बुझा दी।

इसके अलावा बाणगंगा क्षेत्र की वृंदावन कॉलोनी में रंजन शर्मा की बैटरी की दुकान में भी आग लगने की घटना सामने आई। दमकल ने तीन टैंकर पानी की मदद से आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि सभी घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# 5 महीने से युवक लापता

### इंदौर क्राइम ब्रांच ऑफिस पहुंचीं मां और बहन, बहू पर लगाए गंभीर आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

बाणगंगा थाना क्षेत्र में 5 महीने से लापता युवक संदीप पाल को लेकर उसकी मां और बहन क्राइम ब्रांच पहुंचीं। यहां उन्होंने बेटे के लापता होने के मामले में बहू पर आरोप लगाए हैं। वहीं, बहू ने अशोक नगर में सास और ननद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस पूरे मामले को पारिवारिक विवाद से जुड़ा हुआ बता रही है।

बाणगंगा में रहने वाला संदीप पाल पिछले 5 महीनों से लापता है। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट बाणगंगा थाने में दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। मां दुगार्बाई का कहना है कि बेटे के लापता होने के बाद से बहू का व्यवहार बदल गया है। वह बार-बार यह कहकर परिवार को गुमराह कर रही है कि संदीप पर भारी कर्ज था और वह खुद ही कहीं चला गया। मां ने आशंका जताई है कि बेटे के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। उनके मुताबिक बहू उनकी करोड़ों की पुश्तैनी जमीन में हिस्सा चाहती है। वहीं बहन वर्षा पाल ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी भाभी उन्हें झूठे मामले में फंसाने की कोशिश कर रही हैं। वर्षा का दावा है कि उनसे 70 लाख रुपए की मांग की गई है और इसकी रिकॉर्डिंग भी उनके पास मौजूद है।

### क्रेडिट कार्ड के लिए आया कॉल, दो ठगों ने कॉफ्रेंस पर लेकर किया अकाउंट खाली

# इंदौर में टीसीएस इंजीनियर से 4.73 लाख रुपये की ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



ऑनलाइन ठगी का एक और मामला सामने आया है, जहां टीसीएस के एक इंजीनियर से करीब 4 लाख 73 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई। ठगों ने क्रेडिट कार्ड के नाम पर कॉल कर पहले भरोसा जीता और फिर ओटीपी हासिल कर खाते से रकम निकाल ली।

पुलिस ने फरियादी आभास हिंगे की शिकायत पर दो मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ बुधवार को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब मोबाइल नंबरों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। आभास ने बताया कि 7 अप्रैल को उन्हें एक कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को एक्सेस बैंक का कर्मचारी बताया और क्रेडिट कार्ड जारी करने की बात कही। इस दौरान उसने ओटीपी मांगा, लेकिन आभास ने ओटीपी देने से इनकार कर दिया, इसके बाद कॉल कट गया। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर करीब 1 लाख रुपए कटने का मैसेज आया। इसके बाद दूसरे नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताया और ट्रांजेक्शन के बारे में पूछताछ की।

**तीन बार मांगा ओटीपी और निकाल लिए रुपए-** आभास ने जब उसे पूरी जानकारी दी, तो आरोपी ने उन्हें कॉन्फ्रेंस कॉल पर जोड़ दिया। इस दौरान खुद को बैंक कर्मचारी बताने वाले दूसरे व्यक्ति ने ट्रांजेक्शन रिवर्स करने के नाम पर फिर से ओटीपी जनरेट करवाया और उसे साझा करने के लिए कहा। जैसे ही आभास ने ओटीपी बताया, दोनों कॉल कट गए और उनके खाते से फिर से पैसे कटने लगे। इसके बाद आरोपियों ने दोबारा कॉल कर प्रोसेस पूरा करने के नाम पर एक और ओटीपी मांगा। इस तरह अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 4 लाख 73 हजार रुपए निकाल लिए गए। ठगी का एहसास होने पर आभास ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर संपर्क किया।

**पुलिस की अपील-** पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल पर ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें और संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर सूचना दें।

## खबर एक नजर...

### कांग्रेस का आरोपः आंगनबाड़ी और आशा कार्यकताओं को जबरन भेजा गया भाजपा के कार्यक्रम में

**उज्जैन।** नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता गब्बर कुवाल (राजेन्द्र कुवाल) ने भारतीय जनता पार्टी के हालिया कार्यक्रम पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी और आशा कार्यकताओं को दबाव डालकर शामिल कराया गया था। कुवाल के अनुसार, यह कार्यक्रम पूरी तरह से प्रायोजित था और इसमें महिला बाल विकास अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी की मुख्य भूमिका रही।

गब्बर कुवाल ने बताया कि महिला बाल विकास अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी ने आंगनबाड़ी और आशा कार्यकताओं को भाजपा के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गोपाल मंदिर बुलाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि त्रिपाठी ने महिला कार्यकताओं को बाकायदा मैसेज कर और फोन कर कहा था कि यदि वे इस कार्यक्रम में नहीं गईं तो उन्हें सस्पेंड कर दिया जाएगा। उप नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि यह पूरा आयोजन कांग्रेस के विरोध में किया गया था और इसमें जबरन भीड़ जुटाने के लिए सरकारी कर्मचारियों का दुरुपयोग किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा के साथ कोई भी महिला स्वेच्छा से नहीं जुड़ी है और यह पूरी भीड़ केवल अधिकारियों के दबाव के कारण इकट्ठा की गई थी।

### किसान सत्याग्रह एवं उपवास, अन्याय के खिलाफ संघर्ष रहेगा जारी

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के तत्वाधान में भोपाल के रोशनपुरा चौराहा स्थित जवाहर भवन में किसानों की ज्वलंत समस्याओं और उनकी न्यायोचित मांगों के समर्थन में एक दिवसीय किसान सत्याग्रह एवं उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उज्जैन कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष हर्ष जैन ने अन्नदाता किसानों के हक, सम्मान और अधिकारों की आवाज दृढ़ संकल्प के साथ बुलंद की। सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में यह संकल्प लिया गया कि किसानों के साथ हो रहे किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

### बीजेएस के 'करियर कंपास' में मयंक शुक्ला ने दिए सफलता के मंत्र

# विद्यार्थियों ने जाने स्वर्णिम भविष्य के सूत्र, करियर और भविष्य को लेकर विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय जैन संगठना फाउंडेशन द्वारा गुरुवार 23 अप्रैल को करियर कंपास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मार्गदर्शक सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न करियर विकल्पों, वर्तमान अवसरों तथा अपनी रुचि के अनुसार सही दिशा चुनने की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

बीजेएस शहर अध्यक्ष मनीषा ओरा के अनुसार कालिदास मोंटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं करियर काउंसलर मयंक शुक्ला ने अपने प्रेरणादायक विचारों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। मयंक शुक्ला मोटिवेशनल स्पीकर, ब्रॉडकास्ट मीडिया प्रोफेशनल और अकादमिक विशेषज्ञ होने के साथ ही प्रसार भारती और दूरदर्शन से जुड़े रहे हैं। वे विभिन्न गैर सरकारी संगठनों और सरकारी विभागों में नियमित वक्ता के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे हैं। उन्होंने नमस्ते ट्रम्प और प्रधानमंत्री के मंडला प्रवास के दौरान लाइव कार्यक्रमों का सफल संचालन भी किया है। उनकी इन उपलब्धियों के लिए उन्हें विक्रम प्रतिभा सम्मान, मध्य प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ वक्ता के साथ ही केंद्रीय खेल एवं युवा विकास मंत्रालय तथा यूनेस्को द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।कार्यक्रम का संचालन कालिदास मोंटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की समन्वयक जूही सोनेजा ने किया। इस अवसर पर बीजेएस की राज्य अध्यक्ष साशा जैन, अध्यक्ष मनीषा ओरा, सचिव यशवंत, अभा जैन, मानक लाल गिरिया, मंजू बाठिया, प्राचार्य सुधा गौर, प्राचार्य राकेश जोशी, प्रधान शिक्षिका कुमी और समन्वयक चंचल पाटवा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विवि में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के तहत आयोजन- छात्राओं और प्रोफेसरों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय, इंदौर में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत छात्राओं और महिला प्राध्यापकों के लिए कराटे एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। विवि के आई ब्लॉक सेमिनार हॉल में हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक कर उनमें आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना था।

सेवा भारती की प्रशिक्षक पूजा नागर और मीनाक्षी ने आत्मरक्षा तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि कराटे केवल मार्शल आर्ट नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है। इसका शाब्दिक अर्थ 'खाली हाथ' होता है, जो मानसिक रूप से पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर आत्मबल विकसित करने का संदेश देता है। शिविर में प्रतिभागियों को आत्म-अनुशासन, मानसिक दृढ़ता, शारीरिक फिटनेस, संतुलन और एकाग्रता के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम कुलगुरु डॉ. दीपिका पाठक के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें डॉ. रेवती गुप्ता का विशेष योगदान रहा। आयोजन की व्यवस्थाओं में अभिलाषा तिवारी, माया बिसेन, रुचिका शुक्ला, संगीता पांडेय, स्नेहा सिंह, किरण राठौर, दीपिका मेहरा और डॉ. मनोज वर्मा का सहयोग रहा। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में छात्राओं व महिला प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया।

### जनकवि राही की स्मृति में काव्यार्चन, व्याख्यान और सम्मान समारोह 24 को

**उज्जैन।** प्रखर पत्रकार, जनकवि और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मानसिंह राही की स्मृति में 42वां काव्यार्चन, व्याख्यान और सम्मान समारोह 24 अप्रैल को शाम छह बजे रविशंकर नगर स्थित मानसिंह राही उद्यान परिसर में मनाया जाएगा। आयोजन समिति के कमल सिंह राही और मनोज त्रिवेदी ने बताया कि अध्यक्षता सोसायटी फॉर प्रेस क्लब के अध्यक्ष नंदलाल यादव करेंगे। मुख्य अतिथि डॉ विशाल सिंह हाडा कार्यकारी अध्यक्ष प्रेस क्लब, महामंडलेश्वर शैलेषानंद गिरी होंगे। विशेष अतिथि प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विवेक गुप्ता, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव होंगे। राही ने बताया कि काव्यार्चन समारोह में सुगनचंद जैन, प्रो. अप्रतुल शुक्ल, अशोक भाटी, विक्रम विवेक, अनिल पांचाल सेवक, नंदकिशोर पांचाल, संगीता तल्लेरा, सीमा जोशी और अमित जैन को काव्य के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए राही सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

# नगर भ्रमण पर निकले भगवान श्री चित्रगुप्त, निहाल हुए भक्त, पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत

### राष्ट्रगान के साथ शुरू हुई जनदर्शन यात्रा,

### केसरिया और राष्ट्रध्वज के साथ मातृशक्ति ने लिया ऊर्जा व जल संरक्षण का संकल्प

### एक जाजम पर हुई कुटुंब रसोई, कायस्थ समाज के घरों में नहीं जले चूल्हे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वैशाख शुक्ल गंगा सप्तमी के अवसर पर कायस्थ समाज के कुल आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त का प्राकट्य दिवस शहर में अपार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह शहर के विभिन्न चित्रगुप्त मंदिरों में हवन, पूजन और विशेष अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके पश्चात शाम को भगवान श्री चित्रगुप्त रथ में विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकले। जनदर्शन यात्रा में भगवान के दर्शन पाकर भक्त निहाल हो गए और शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया।



उज्जैन कायस्थ समाज के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह भगवान श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा का लगातार नौवां वर्ष था। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत एवं उज्जैन कायस्थ समाज की सभी संस्थाओं के सहयोग से यह यात्रा ग्रांड होटल फ्रीगंज से प्रारंभ हुई। शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यात्रा शिप्रा तट स्थित श्री चित्रगुप्त घाट (छोटे पुल) पर पहुंची, जहां महाआरती के साथ इसका समापन हुआ। प्राणी मात्र के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले और कर्मों के अनुरूप फल देने वाले धर्मराज भगवान चित्रगुप्त के रथ के साथ शहर के सभी चित्रगुप्त मंदिरों की तस्वीरें भी यात्रा में शामिल की गईं, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई।

जनदर्शन यात्रा की शुरूआत सर्वप्रथम राष्ट्रगान गाकर की गई। इसके बाद वंदे मातरम और भारत माता की जय के जयकारों के साथ यात्रा आगे बढ़ी। यात्रा में सबसे आगे महिलाएं केसरिया पताकाएं और राष्ट्रध्वज लेकर चल रही थीं। केसरिया साड़ी पहने मातृशक्ति ने राष्ट्र सर्वोपरि का सार्थक संदेश दिया। मार्ग में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा मंच लगाकर इस भव्य यात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया।

यात्रा के दौरान मातृशक्ति ने देश को आत्मनिर्भर बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। अनुपमा श्रीवास्तव ने ईंधन संरक्षण पर जोर देते हुए लोगों से ऊर्जा बचाने के लिए अधिक से अधिक इलेक्ट्रॉनिक (इलेक्ट्रिक) वाहनों का उपयोग करने की अपील की। इस दौरान मातृशक्ति ने देश में ऊर्जा, जल और पर्यावरण की रक्षा का विशेष संकल्प लिया। संयुक्त परिवारों की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए कायस्थ समाज द्वारा प्राकट्य दिवस पर एक अनूठी पहल की गई। इस दिन समाज के घरों में चूल्हा नहीं जला। घर-घर से अनाज एकत्रित कर श्री चित्रगुप्त घाट पर विशाल कुटुंब रसोई बनाई गई।

## खबर एक नजर...

### संकुल केंद्र पर हर्षोल्लास के साथ हुआ नि:शुल्क साइकिल वितरण

**बड़नगर।** शिक्षा विभाग की योजना के अंतर्गत गुरुवार को संकुल स्तर पर छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों ने विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के प्रति निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच आनंदीलाल डाबी, उप सरपंच प्रतिनिधि हरीश पटेल, मंडल उपाध्यक्ष पंकज बारिया, कोषाध्यक्ष कान्हा यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक कमल नाथ जी योगी, संकुल प्राचार्य वीरेंद्र सिंह जी भारद्वाज सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मुकेश रावल व आभार प्रदर्शन खेल शिक्षक महेंद्रसिंह देवड़ा द्वारा व्यक्त किया गया।

### गोस्वामी समाज ने मनाई धूमधाम से शंकराचार्य जयंती

**बड़नगर।** दशनाम गोस्वामी समाज मंडल बड़नगर ने भगवान आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती बुधवार को भगवती माता मंदिर पर धूमधाम से मनाई। यह शंकराचार्य जयंती का शताब्दी वर्ष होने पर समरसता महा आरती का आयोजन रखा गया। इसमें मंडल के सभी गांवो के समाज बंधुओ को आमंत्रित किया गया था। अध्यक्ष देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि श्री शंकराचार्य ने 8 वर्ष की उम्र से भारत के कोने कोने में जाकर सनातन धर्म का प्रचार शुरू कर उनका पूरा जीवन सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में बीता दिया। आज हम सभी भी शंकराचार्य के बताएं मार्ग पर चलकर सनातन धर्म की रक्षा करना है। इस अवसर पर समाज के महंत जितेंद्र भारती, पवन भारती, किशोर गिरी, भेरू गिरी, कैलाश गिरी, गणेश गिरी, आशुतोष भारती आदि समाज बंधु उपस्थित थे।

### भारत मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का धरना प्रदर्शन

**उज्जैन।** भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शहर में धरना-प्रदर्शन किया गया। संगठनों ने चरणबद्ध आंदोलन के तहत ह्भारत बंदह का आह्वान करते हुए व्यापारियों से दुकानें बंद रखने और आंदोलन में शामिल होने की अपील की। संगठन जाति आधारित जनगणना, तथा ओबीसी वर्ग के साथ कथित अन्याय के विरोध में लंबे समय से आंदोलन किया जा रहा है। तीन बार ज्ञापन के माध्यम से सरकार तक अपनी मांगें पहुंचाई गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण चौथे चरण में भारत बंद का निर्णय लिया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने फ्रीगंज स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद भारत मुक्ति महिला मोर्चा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयुष्मति गंगा मालवीय के नेतृत्व में धरना दिया गया .

# विश्व शांति और कल्याण हेतु कायस्थ समाज ने की प्रार्थना, चित्रगुप्त धाम में महाआहुति के साथ यज्ञ संपन्न

### 101 जोड़ों ने किया पंचकुंडीय महायज्ञ में हवन, बच्चों ने उकेरी आकर्षक रंगोली

### धूमधाम से मना भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव, गुलाब के फूलों से खेली होली



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री चित्रगुप्त मंदिर सार्वजनिक न्यास ट्रस्ट के तत्वावधान में अंकपात स्थित चित्रगुप्त धाम में भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्रकटोत्सव गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर पूर्ण श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महावीर नाथ जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय मंत्री अमित श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र नदियों के जल से भगवान चित्रगुप्त जी का जलाभिषेक किया गया। भगवान को नूतन वस्त्र धारण कराकर कायस्थ परिवारों द्वारा तैयार किए गए नैवेद्य का भोग लगाया गया। भगवान चित्रगुप्त जी के जन्मोत्सव पर समाजजनों ने एक-दूसरे पर गुलाब के फूल उड़ाकर उल्लासपूर्वक फूलों की होली खेली।

### महाआहुति के साथ विश्व कल्याण की कामना

मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव के अनुसार, आयोजन के मुख्य आकर्षण के रूप में विशाल पंचकुंडीय महायज्ञ संपन्न हुआ। पंडित कुलदीप गुरु के आचार्यत्व में 101 जोड़ों ने पारंपरिक परिधान में बैठकर वैदिक विधि-विधान से महाआहुतियां दीं और महाआरती की। इस अवसर पर कायस्थ समाज द्वारा विश्व शांति और विश्व कल्याण के लिए भगवान चित्रगुप्त जी से विशेष रूप से प्रार्थना की गई। बच्चों और युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। 10 से 25 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने भगवान चित्रगुप्त जी के आकर्षक चित्र बनाए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अंत में आयोजित विशाल भंडारे में सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य प्रबन्ध न्यासी दिनेश कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष युधिष्ठिर कुलश्रेष्ठ, गणेश गौड़, सचिव भरत सक्सेना, कोषाध्यक्ष सीए अनुभव प्रधान, मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव, सह सचिव गोपालकृष्ण निगम, पल्लवी श्रीवास्तव, शिल्पी श्रीवास्तव, प्रतिमा कुलश्रेष्ठ के साथ ही मयंक श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, प्रियांश श्रीवास्तव, शिव श्रीवास्तव और अजीत गौड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### माता वैष्णो देवी के दरबार में चांदी का छत्र अर्पित करेंगे उज्जैन के 63 श्रद्धालु

# लायंस क्लब उज्जैन क्लासिक की पांच दिवसीय वैष्णो देवी यात्रा ने मालवा एक्सप्रेस से कटरा के लिए किया प्रस्थान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लायंस क्लब उज्जैन क्लासिक के तत्वावधान में 63 श्रद्धालुओं का दल पांच दिवसीय माता वैष्णो देवी यात्रा के लिए गुरुवार को रवाना हुआ। क्लब अध्यक्ष लायन रविंद्र वी. मुले के नेतृत्व में श्रद्धालु दोपहर 2 बजे मालवा एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 12919 से कटरा के लिए प्रस्थान कर गए। रेलवे स्टेशन पर माता के जयकारों के साथ इस धार्मिक यात्रा का शुभारंभ किया गया।

यह यात्रा 23 से 28 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। यात्रा संयोजक लायन अमित जुल्का ने




बताया कि 25 अप्रैल को सभी श्रद्धालु माता वैष्णो देवी के पवित्र दरबार में दर्शन करेंगे और माता रानी को चांदी का छत्र अर्पित करेंगे। इस दौरान समूह द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे माहौल भक्तिमय बना रहेगा।

यात्रियों की सुविधा, भोजन, आवास और स्वास्थ्य व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए समितियां बनाई गई हैं। इनकी जिम्मेदारी लायन अमित जुल्का, लायन गगन खत्री, लायन पीयूष नीमा और लायन राजवीर सिंह वाधवा को सौंपी गई है। यह यात्रा 28 अप्रैल को प्रातः 11 बजे उज्जैन वापसी के साथ संपन्न होगी।

### श्री चित्रगुप्त दर्शन यात्रा का अभिनंदन किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में 23 अप्रैल 2026 की शाम श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव के अवसर पर श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा टावर से चित्रगुप्त घाट तक निकाली गई,मालीपुरे में उज्जैन परस्पर सहकारी बैंक परिवार द्वारा माला, पुष्पमाला,पुष्पवृष्टि तथा केसरिया सरोपा (अंगवस्त्र)से अभिनंदन किया गया,इस अवसर पर बैंक उपाध्यक्ष द्रेय-ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट, एस.एस.शर्मा तथा संचालक सर्व श्री राम सांखला,गीता रामी तथा मुख्य महाप्रबंधक श्री पंकज कवठेकर सहित बड़ी संख्या में बैंक परिवार उपस्थित था।

# संस्कृत महाविद्यालय में पक्षियों के लिए 'दाना-पानी अभियान' का शुभारंभ



### विश्व पृथ्वी दिवस पर रासेयो स्वयंसेवकों ने परिसर के पेड़ों और छत पर रखे सकोरे, लिया पृथ्वी संरक्षण का संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को राहत देने के लिए शासकीय संस्कृत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'दाना-पानी अभियान' की शुरूआत की गई है। विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा के मार्गदर्शन में यह पुनीत पहल की गई है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रेयस कोरान्ने ने बताया कि इस प्रकल्प के माध्यम से स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर के वृक्षों और छत पर मिट्टी के सकोरे रखे गए हैं। इनमें नियमित रूप से स्वच्छ पानी और अनाज रखा जा रहा है, ताकि तेज गर्मी में पक्षियों को आसानी से भोजन और पानी मिल सके।

इस सेवा कार्य में महाविद्यालय के सम्पूर्ण स्टाफ, बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और रासेयो स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने पर्यावरण और पृथ्वी के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

# वीरांगना झलकारी बाई संगठन ने नवदंपतियों को भेंट किए सीलिंग पंखे

### महिलाओं ने दिया योगदान, नवविवाहित जोड़ों को मिला आशीर्वाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कोरी समाज द्वारा इंदौर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में महिलाओं के 'वीरांगना झलकारी बाई कोरी सामाजिक संगठन' ने सराहनीय पहल करते हुए प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को उपहार स्वरूप सीलिंग पंखे भेंट किए।

संगठन की ओर से कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा अनीता भिटोरिया द्वारा तैयार की गई। समारोह को संबोधित करते हुए पुष्पा जांगरिया ने अपने विचार रखे और नवदंपतियों को सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस पूरे सेवा कार्य में संगठन की सभी महिला सदस्यों का विशेष और सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए दीपा आर्या द्वारा सभी सदस्यों को विशेष रूप से प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के



अंत में रागिनी हाटिया ने उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

सामूहिक विवाह समारोह में वीरांगना झलकारी बाई कोरी सामाजिक संगठन की ओर से पुष्पा जांगरिया, दीपा आर्या, अनीता भिटोरिया, रागिनी हाटिया, अर्चना कछवाय, सरोज कछवाय, संजना कोरी, प्रेमलता जंगरिया, अंजु बड़ोनिया, रीना हाटिया, ललिता पारिया, ममता मानेकरे, दिव्या रठा, प्रियंका रठा, ममता लारिया, नीलम वर्मा, नीलिमा वर्मा, लीला शाक्य, वीना सिकन्या, सुधा आर्या और टीना रठा सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## खबर एक नजर...

### आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। थाना शहर कोतवाली मंदसौर पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा माफियाओं के विरुद्ध अभियान छेड़ रखा है। इसी कड़ी में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कालाखेत स्कूल ग्राउंड से भावेश (34) पिता सुजानमल ओस्तवाल निवासी कर्मचारी कॉलोनी मंदसौर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 80 हजार रुपये के सट्टे का हिसाब-किताब और एक डायरी बरामद की है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध धारा 4 क द्युत विधान के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि आईपीएल सीजन के दौरान कोतवाली पुलिस अब तक सट्टे के पांच अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर चुकी है। इससे पूर्व पुलिस ने शिव सिंह राजपूत, अजयराज सिंह राणावत, सोयब उर्फ सोहेल और सोहेल फुतल्ला जैसे आरोपियों को भी विभिन्न क्षेत्रों से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कीमती मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है।

### महाविद्यालय में शोध पत्रों का वाचन

मन्दसौर। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय दार्शनिक दिवस के उपलक्ष्य में विशेष व्याख्यान एवं शोध पत्र प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. वीणा सिंह ने विवेक चूड़ामणि के माध्यम से आध्यात्मिक यात्रा पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने आदि शंकराचार्य के सिद्धांतों को रेखांकित करते हुए बताया कि विवेक ही वास्तविक ज्ञान की कुंजी है। वहीं द्वितीय सत्र में डॉ. गोविंद शर्मा ने सेमीकंडक्टर तकनीक के आधुनिक अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. दुबे ने शंकराचार्य जयंती की शुभकामनाएं देते हुए अद्वैत दर्शन के सार और च्षट् संपत्तिज के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मानसिक शांति और इंद्रिय नियंत्रण व्यक्ति के विकास के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लखन जैन द्वारा किया गया।

### नगर में भारी वाहनों पर दोप. 12 से रात 9 बजे तक रहेगी रोक

मंदसौर। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने आदेश जारी करते हुए नगर के भीतरी मार्गों पर दोप. 12 से रात्रि 9 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया है। यह प्रतिबंध महू-नीमच रोड़, गुराडिया बालाजी से सीतामऊ ओव्हर ब्रिज तिराहा (फाटक), 10 नंबर नाका से वीर सावरकर ब्रिज तक, एम.आई.टी. से रामटेकरी तक, एम.आई.टी. (सुशासन भवन मार्ग) से बीकानेर स्वीट्स तिराहा तक, जग्गाखेड़ी (संजीत रोड़) से श्रीकोल्ड तक लागू रहेगा। आदेश के मुताबिक एम्बुलेंस, दूध वाहन और चिकित्सा सेवा जैसे अनिवार्य वाहनों को इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। विशेष परिस्थितियों में केवल पुलिस अधीक्षक के माध्यम से ही वाहन प्रवेश की

# राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग में उज्जैन ने जीता चैंपियनशिप का खिताब

## गिरीश नारायणी बने प्रथम और अभिषेक शर्मा को मिला द्वितीय बेस्ट लिफ्टर का अवार्ड

### जूनियर वर्ग में उज्जैन का दबदबा, खिलाड़ियों ने जीते कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक

### जबलपुर में आयोजित हुई राज्य स्तरीय सब-जूनियर और जूनियर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में जबलपुर जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जबलपुर के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में संपन्न हुई इस क्लासिक सब-जूनियर और जूनियर (महिला-पुरुष) पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उज्जैन ने जूनियर वर्ग में 53 अंक हासिल कर टीम चैंपियनशिप के खिताब पर अपना कब्जा जमाया है।

उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह यादव और सचिव कमल नंदवाना ने बताया कि प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। गिरीश नारायणी ने 640 किलोग्राम वजन उठाकर 88.864 अंकों के साथ प्रथम बेस्ट लिफ्टर का अवार्ड जीता। वहीं, अभिषेक शर्मा ने 602.5 किलोग्राम वजन उठाकर 88.628 अंकों के साथ द्वितीय बेस्ट लिफ्टर का खिताब अपने नाम किया। इस सफलता में टीम के कोच के रूप में अभिषेक शर्मा ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग के 59 किलोग्राम भार वर्ग में नयन शर्मा ने 480 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक, 66 किलोग्राम भार वर्ग में विवेक सिसोदिया ने 522.5 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक, 74 किलोग्राम भार वर्ग में अभिषेक शर्मा ने 602.5 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक और 83 किलोग्राम भार वर्ग में गिरीश नारायणी ने 640 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। इसी तरह 93 किलोग्राम भार वर्ग में कृष्णकांत चौहान ने रजत पदक तथा 120 किलोग्राम भार वर्ग में नयन चौरसिया ने 480 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक प्राप्त किया। सब-जूनियर वर्ग के 66 किलोग्राम भार वर्ग में अर्पित गंगवाल ने 410 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक और 120 किलोग्राम भार वर्ग में मोहम्मद सदा मिर्जा ने 525 किलो वजन उठाकर रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा स्नेहा चौहान, जयेश मसीह, यशवंत दायमा, भव्य जैन, मोहम्मद शोएब खान और श्रेयश हारोड़ का प्रदर्शन भी टूनार्मेंट में शानदार रहा। खिलाड़ियों की इस विशेष उपलब्धि पर संस्था प्रमुख नरेंद्र मालवीय, बलराम यादव, शोएब कुरैशी, अनिल चावंड, आनंद सोलंकी, अरविंद शुक्ला, अभिषेक सिंह राठौड़, अजय जाधव, उमेश पवार, सज्जाद हुसैन, परवेज मोहम्मद, लखन पोरवाल, मयंक जोशी, फईम उस्मानी और मनोज कपासिया आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सनातनियों के अगर जी के मंदिर स्थित चौमुखा महादेव पर होगा नित्य अभिषेक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति द्वारा प्रकल्पित श्री चौमुखा महादेव नित्य अभिषेक योजना के अंतर्गत आद्य जगतगुरु श्री शंकराचार्य जी की जन्म जयंती के अवसर भी कल सांय अगर जी के मंदिर में स्थित श्री चौमुखा महादेव का अभिषेक किया गया।

दैनिक अभिषेक योजना के संयोजक जुगल पंड्या के द्वारा प्रेरित करने पर नगर के प्रसिद्ध अभिभाषक एवं वरिष्ठ कांग्रेस ,नेता नगर निगम के पूर्व उपमहापौर तथा सभापति सतीश पुरोहित के संपूर्ण परिवार द्वारा श्री चौमुखा महादेव का विधि विधान एवं भक्ति भाव से अभिषेक किया गया।

सपरिवार कराए गए इस अभिषेक में स्वयं सतीश पुरोहित उनकी धर्मपत्नी श्रीमती बीना ,सुपुत्र तरुण पुरोहित पुत्रवधू श्रीमती निहारिका तथा पौत्र लक्षीव व पार्णिका ने धर्म लाभ लिया। पंडित श्री त्रिभुवनेश पंड्या द्वारा यजमान परिवार को संकल्प करते हुए अभिषेक संपन्न कराया ।पश्चात आरती हुई ।इस अवसर पर सनातन धर्म सभा अध्यक्ष अनिल झालानी ,सदस्य जनक नागल,अविनाश व्यास, शैलेन्द्र सिंह शक्तावत, रवि रानीवाल ,व्यवस्थापक अंकित मिश्रा सहित अनेक भक्तजन उपस्थित थे।

### कलेक्टर,अधिकारियों सहित रात्रि चौपाल के लिए हुए रवाना

नीमच । कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा आज ग्राम कोज्या में आयोजित रात्रि चौपाल के लिए जिलाधिकारियों के साथ यात्री बस में सवार होकर कलेक्ट्रेट, नीमच से कोज्या के लिए रवाना हुए।प्रारंभ में कलेक्टर श्री चंद्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर अधिकारियों के वाहन को कोज्या के लिए रवाना किया। कलेक्टर स्वयं भी बस में सवार होकर अधिकारियों के साथ यात्री बस से ही कोज्या के लिए रवाना हुए।इस अवसर पर जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अमन वैष्णव, ए.डी.एम. बी.एस. कलेश, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन एवं अन्य जिला अधिकारी भी यात्री बस में सवार होकर रवाना हुए।

### पुलिस ने 52 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा पकडा

**नीमच।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्व प्रदेश व्यापी नशाविरोधी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच श्री नवलसिंह सिसोदिया एवं एसडीओपी जावद रोहीत राठौर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जावद एवं पुलिस चोकी सरवानिया महाराज द्वारा जोधपुर राजस्थान के तस्कर मदनलाल विश्नोई से ५२ किलो ५०० ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा के तस्करी करते जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा माल उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति को भी आरोपी बनाया ।



# किसानों के अधिकारों के लिए युवा कांग्रेस का सत्याग्रह जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

जिला युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित च्किसान न्याय सत्याग्रहज नौवें दिन भी जोश के साथ जारी रहा। जिला अध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ता किसानों की विभिन्न समस्याओं, जैसे फसलों के उचित दाम और एमएसपी की कानूनी गारंटी को लेकर धरना दे रहे हैं।

श्री पटेल ने केंद्र सरकार पर किसान विरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों के कारण भारतीय किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। इस आंदोलन में प्रदेश और जिला स्तर के कई वरिष्ठ नेता शामिल हो रहे हैं, जिनका संकल्प है कि जब तक किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य और मुआवजे की सुविधा नहीं मिल जाती, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

सत्याग्रह में विधायक विपिन जैन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, पुष्पा भारती, प्रदेश कांग्रेस सचिव सोमिल नाहटज्ञ, युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष यश घनघोरिया, प्रदेश प्रभारी शिवसिंह चौहान, राष्ट्रीय सचिव व सह-प्रभारी दीपाली ससाने, संभाग प्रभारी युकां जावेद पटेल, जिला प्रभारी युकां पायल जैन और जिला सह-प्रभारी युकां जीतू पाटीदार, हनीफ शेख, सुनील बसेर, राजेंद्र सेठिया, जगदीश कोठारी, अनिल शर्मा, मजहर खान, दीपक गुर्जर, आदित्य पाटिल, अनिता भदौरिया, इष्टा भाचावत, मुकेश धाकड़, विकास दशोरा, सत्यनारायण पाटीदार, अजय लोढ़ा, शंकरलाल आंजना, निर्विकार रातडिया, सम्यक जैन, आदर्श जोशी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# पिपलिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर भाजपा नेता ने केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत करवाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलियामंडी



रतलाम रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले पिपलिया रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही मांग अब और तेज हो गई है। इसी सिलसिले में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य संदीपसिंह राठौड ने नई दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया और शीघ्र समाधान की मांग रखी।

राठौड ने मंत्री को बताया कि पिपलिया नगर के साथ-साथ रामपुरा, मनासा एवं आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों नागरिक वर्षों से प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो सकी है। रेलवे स्टेशन पर सीमित ट्रेनों के ठहराव के कारण यात्रियों को अन्य बड़े स्टेशनों तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त समय, खर्च और असुविधा झेलनी पड़ती है। उन्होंने विशेष रूप से 19333/23 इंदौर-बीकानेर एक्सप्रेस एवं 04735/36 श्रीगंगानगर-इंदौर एक्सप्रेस के पिपलिया स्टेशन पर ठहराव की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इन ट्रेनों के रुकने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं को खाटूश्याम और सालासर धाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों तक सीधी एवं सुविधाजनक रेल सेवा मिल सकेगी।

वर्तमान में सीधी कनेक्टिविटी के अभाव में यात्रियों को कई बार ट्रेन बदलनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। राठौड़ ने यह भी उल्लेख किया कि पिपलिया क्षेत्र कृषि एवं व्यापार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहां से बड़ी संख्या में व्यापारी एवं किसान विभिन्न शहरों की यात्रा करते हैं। यदि प्रमुख ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाता है, तो इससे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए भी यह सुविधा अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जिन्हें उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बड़े शहरों में आना-जाना पड़ता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने रेलवे स्टेशन पर कोच पोजीशन डिस्प्ले सिस्टम स्थापित करने की मांग भी रखी। वर्तमान में इस सुविधा के अभाव में यात्रियों को अपने कोच की जानकारी समय पर नहीं मिल पाती, जिससे प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ और अफरा-तफरी की स्थिति बनती है। कोच पोजीशन सिस्टम लागू होने से यात्रियों को व्यवस्थित तरीके से ट्रेन में चढ़ने में सुविधा मिलेगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। मंत्री सिंधिया से मुलाकात के दौरान राठौड ने जनभावनाओं का हवाला देते हुए आग्रह किया कि पिपलिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव और आवश्यक सुविधाओं की शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इस मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेगी, जिससे क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत मिलेगी।

# बड़वाह-धामनोद फोरलेन स्टेट हाईवे के निर्माण को लेकर विधायक मेव मुख्यमंत्री से मिले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

बड़वाह-धामनोद फोरलेन स्टेट हाईवे के निर्माण से प्रभावित होने वाले किसानों को भोपाल में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक के बाद राहत मिलने के आसार नजर आए हैं। बैठक में प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिसमें अब ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि भूमि के अधिग्रहण पर दिए जाने वाले मुआवजे को दोगुना कर दिया गया है। कैबिनेट ने 'मध्य प्रदेश भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2015' के तहत एक महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी दी है। इस संशोधन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निर्धारित



गुणांक को बढ़ाकर अब २ गुना कर दिया गया है। इसका सीधा अर्थ यह है कि इस बदलाव के बाद, अब किसानों को उनकी अधिग्रहित कृषि भूमि के लिए बाजार दर से 4 गुना तक मुआवजा मिल सकेगा।जब से यह रोड स्वीकृत हुआ तब से ही किसानों में कम मुआवजा मिलने को लेकर डर बना हुआ था। जिसको लेकर किसान कई बार अधिकारियों से लेकर विधायक तक को ज्ञापन दे चुके हैं। किसानों ने हाल ही में सख्त रुख अपनाते हुए प्रशासन को सीमांकन जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी करने नहीं दे रहे हैं। जिसके चलते एसडीएम पूर्वा मंडलोई और किसानों के बीच बैठक भी हो चुकी है। लेकिन उसमें भी कोई समाधान नहीं निकलता देख किसानों ने काम ना करने की चेतावनी दे दी थी। कैबिनेट के निर्णय के बाद किसानों में हर्ष व्याप्त है।

वहीं विधायक राजकुमार मेव से मिलकर प्रभावित किसानों ने अपनी व्यथा बताई थी। जिस पर विधायक मेव ने किसानों को आश्वस्त किया था कि किसानों की समस्या को लेकर वह सीधे भोपाल मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलेंगे। जिसके बाद विधायक ने मुख्यमंत्री से मिलकर प्रभावित किसानों की बात रखी थी। जिसके फलस्वरूप बुधवार को हुई कैबिनेट में किसानों को राहत देने वाला फैसला आया है। जानकारी के अनुसार इस परियोजना में महेश्वर तहसील अंतर्गत करीब 32 गांवों के लगभग 800 सर्वे नंबर प्रभावित हो रहे हैं।

## नाबालिग बालिका को ढूंढ कर सकुशल किया दस्तयाब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा गुम एवं अपहृत बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु च्ऑपरेशन मुस्कानज्ञ अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा जिले में गुम एवं अपहृत बालक-बालिकाओं के प्रकरणों में प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी श्री आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में थाना जुलवानिया पुलिस द्वारा उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की ।



## जिले में बाल विवाह रोकने के लिए पांच टीमें गठित हुई

सनावद। जिले में बाल विवाह रोकने एवं बाल विवाह के प्रति लोगों में जागरूकता प्रसारित करने के उद्देश्य से गठित ०५ लीगल एड टीमों ने गांव - गांव जाकर वर - वधुओं के आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज जांच कर बाल विवाह होने की संभावनाओं पर अंकुश लगाया । मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर से प्राप्त निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष, श्री अखिलेश जोशी तथा न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री प्रीति जैन के मार्गदर्शन में जिले में सोमवार को अक्षया तृतीया के अवसर पर विशेष एक दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों में होने वाले बाल विवाह की रोकथाम एवं नालसा बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं योजना के सन्दर्भ में आमजनों को जागरूक करने के लिए पैरालीगल वालेन्टियर्स की कुल 5 लीगल एड टीमों द्वारा गांव -गांव जाकर दस्तावेज जांचे गए और आमजन को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक जिले में बाल विवाह रोकने एवं बाल विवाह के प्रति लोगों में जागरूकता प्रसारित करने के उद्देश्य से गठित 5 लीगल एड टीमों नें गांव-गांव जाकर दुल्हे-दुल्हनों के आईडी कार्ड जांच कर बाल विवाह होने की संभावनाओं पर लगाम लगाई गई ।

# बुरहानपुर में ऑल इज वेल सुपर क्लीनिक का शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

शहरवासियों के लिए ऑल इज वेल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा 23 अप्रैल को शनि मंदिर के पास अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ऑल इज वेल सुपर क्लीनिक का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। इस क्लीनिक का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सक रमेश कापड़िया, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष आबिद सैय्यद एवं जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अगनानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठा. सुरेंद्रसिंह, नीरज कक्कड़, पार्षद आशीष शुक्ला, नारायण नगर अध्यक्ष प्रतिभा शुक्ला, अपना कमर्शियल क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष शरद मोरे, उपाध्यक्ष संजय महाजन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला



केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव शरद जैन, प्रदीप राजे, सुभाष माने, बीसा लाड समाज अध्यक्ष चंद्रकांत श्रॉफ, गुजराती समाज ट्रस्ट अध्यक्ष एवं एडवोकेट हेमेंद्र गोविंदजीवाला, वरिष्ठ चिकित्सक आई.एल. मूंदड़ा, आलोक गर्ग, के.पी. श्रोती, जूही गर्ग सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। संस्था के फाउंडर एवं चेयरमैन आनंद प्रकाश चौकसे, मैनेजिंग डायरेक्टर कबीर चौकसे तथा एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर देव्यांशी चौकसे ने बताया कि इस क्लीनिक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।

क्लीनिक में प्रतिदिन जनरल फिजिशियन दिव्येश लाड, स्त्री रोग विशेषज्ञ मोनिश गुप्ता, अस्थि रोग विशेषज्ञ दिलीप पाटीदार तथा जनरल सर्जन गौरव सिंग परदेसी की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, जिससे मरीजों को एक ही स्थान पर बेहतर इलाज मिल सकेगा। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे बुरहानपुर के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## नेपानगर में जनगणना 2027 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण शुरू: 42 प्रगणक-पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर



आज दिनांक 23 अप्रैल को नवीन नगरपालिका कार्यालय भवन में जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु 42 प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेपानगर की छात्राओं द्वारा अनोखे ढंग से जनगणना चिन्ह की रंगोली बनाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई गई।

स्टेट ट्रेनर सुदर्शननाथ सेठी द्वारा प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया गया एवं जनगणना कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। निकाय कर्मचारियों द्वारा प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को सम्मान के तौर पर जनगणना बैच लगाकर उनके आगमन पर सम्मान किया गया। चार्ज अधिकारी/सीएमओ मोहनसिंह अलावा द्वारा जनगणना कार्य हेतु उद्बोधन दिया गया एवं सभी को कार्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणक दिव्यानी मराठे को सीएमओ द्वारा सम्मानित कर सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को प्रोत्साहित किया गया और उनके कार्य की सराहना की गई।

## खरगोन में सुने घर की चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

खरगोन। पुलिस ने सुने घर में हुई चोरी का सफलतापूर्वक पदार्फाश



करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 7 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और वारदात में इस्तेमाल एक स्कूटी (कीमत लगभग 60 हजार रुपये) जब्त की गई। 18 अप्रैल 2026 को दांगी मोहल्ला निवासी फरियादी के घर का ताला तोड़कर चोरी की गई थी। मामले में थाना कोतवाली में केस दर्ज कर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से जांच की। जांच के दौरान टवडी मोहल्ला निवासी संदीप (34) और मोतीपुरा निवासी राजा उर्फ नागेश (24) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें दोनों ने चोरी करना कबूल किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने चोरी का पूरा सामान बरामद कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

# बड़वानी जिले को मिली सौगात होलगांव-सिलावद नवीन गोई नदी पुल का 25 को होगा भूमिपूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

बड़वानी जिले के सिलावद क्षेत्र के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। होलगांव-सिलावद नवीन गोई नदी पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन दिनांक २५ अप्रैल २०२६ को किया जाएगा। यह भूमिपूजन कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्री माननीय श्री राकेश सिंह जी के कर कमलों द्वारा संपन्न होगा।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी के निरंतर प्रयास, सतत अनुश्रवण और जनहित के प्रति समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। डॉ. सोलंकी द्वारा लगातार क्षेत्र की इस बहुप्रतीक्षित मांग को शासन स्तर पर प्रमुखता से उठाया गया, जिसके परिणामस्वरूप अब सिलावद क्षेत्र की जनता को यह बड़ी सौगात मिलने जा रही है। गोई नदी पर पुल नहीं होने के कारण वर्षों से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से वर्षा ऋतु में नदी पार करना अत्यंत जोखिमपूर्ण हो जाता था। कई बार दुर्घटनाएं हुई और अनेक लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी। विद्यार्थियों, किसानों, मरीजों और आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी होती थी।

अब होलगांव-सिलावद नवीन गोई नदी पुल बनने से क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित, सुगम और तेज आवागमन की सुविधा मिलेगी। इससे सिलावद, होलगांव सहित आसपास के अनेक गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। व्यापार, शिक्षा, कृषि और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

यह उपलब्धि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और जनकल्याणकारी सोच तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी की विकासोन्मुखी कार्यशैली का भी परिणाम है। प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के साक्षी बनने और कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी के प्रयासों से ऐतिहासिक निर्णय: भूमि अधिग्रहण पर किसानों व आदिवासी परिवारों को अब मिलेगा 4 गुना मुआवजा राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लिए गए उस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है, जिसमें भूमि अधिग्रहण की स्थिति में किसानों एवं आदिवासी परिवारों को बाजार दर का ४ गुना तक मुआवजा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने इसे किसान हित में एक दूरदर्शी और न्यायपूर्ण कदम बताया है।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 परीक्षार्थियों के लिए त्रि-स्तरीय जांच प्रक्रिया के निर्देश जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आगामी 26 अप्रैल (रविवार) को प्रदेश के सभी 54 संभाग/जिला मुख्यालयों के 365 परीक्षा केंद्रों पर राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 आयोजित की जा रही है। परीक्षा को निर्विघ्न, सुव्यवस्थित और शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग ने इस बार त्रि-स्तरीय नवीन जाँच प्रक्रिया लागू की है।आयोग के निर्देशानुसार, परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के दौरान परीक्षार्थियों की तीन स्तरीं-बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र स्कैनिंग और हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से सघन तलाशी ली जाएगी। ओ.एम.आर. पद्धति पर आधारित यह परीक्षा दो सत्रों में संपन्न होगी। सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा समय से 90 मिनट पूर्व केंद्र पहुंचना अनिवार्य है, जहाँ उन्हें केवल काला बॉलपेन, पारदर्शी पानी की बोतल, ई-प्रवेश पत्र और मूल पहचान पत्र ले जाने की अनुमति होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा जांच में महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला वीक्षकों द्वारा केबिन में ली जाएगी और ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के पास अपनी सुविधानुसार महिला या पुरुष कर्मचारी से जाँच कराने का विकल्प रहेगा।

## शासन की किसान हितैषी नीतियों से किसानों को मिल रहे उपज के दाम

**बड़वानी.** मध्यप्रदेश शासन की किसान-हितैषी नीतियों के अनुरूप बड़वानी जिले की अंजड़ कृषि उपज मंडी में गेहूं उपार्जन और विपणन की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है। जिला प्रशासन एवं मंडी प्रबंधन के निरंतर प्रयासों से मंडी में न केवल पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित हुई है, बल्कि व्यापारियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण भी निर्मित हुआ है, जिसका सीधा आर्थिक लाभ क्षेत्र के कृषकों को मिल रहा है।मंडी से प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 की तुलना में इस वर्ष मंडी आवक में 30 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

## नीमच मे 26 को राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा

नीमच । मध्य प्रदेश राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन 26 अप्रैल को दो सत्रों में प्रातः 10 से 12 बजे एवं दोपहर 2.15 से 4.15 बजे तक किया गया हैं। परीक्षा केंद्र स्वामी विवेकानन्द शा.पी. जी. कॉलेज मनासा रोड नीमच एवं स्कीम नं.36 उत्कृष्ट स्कूल नीमच रहेंगे। परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए आकस्मिक निरीक्षण के लिए उड़न दस्ते का गठन किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नीमच सुश्री श्रुति भयड़िया, तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नीमच संतोष कुमार एवं तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट जावद नवीन गर्ग को प्रथम दल तथा तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नीमच नगर डॉ. अजेन्द्र नाथ प्रजापति को द्वितीय दल नियुक्त किया।



## सुनील पाल बोले

# घर से निकलने में डर लगता है

### अपहरण के बाद 16 महीने से सदमे में हूं, 10 किलो वजन कम हुआ

कॉमेडियन सुनील पाल सोमवार को मेरठ की एक अदालत पहुंचे। यहां उन्होंने 2024 के किडनैपिंग मामले में पकड़े गए दो आरोपियों की शिनाख्त (पहचान) की।

इस दौरान 58 साल के सुनील पाल काफी भावुक नजर आए। उन्होंने बताया कि उस हादसे के 16 महीने बीत जाने के बाद भी वे गहरे सदमे में हैं और उनकी सामान्य जिंदगी पूरी तरह बदल गई है। लूट के इरादे से हुआ था अपहरण यह पूरा मामला दिसंबर 2024 का है। सुनील पाल को हरिद्वार के एक इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाया गया था। जब वे नेशनल हाईवे से जा रहे थे, तब उन्हें कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया। आरोपियों ने उन्हें करीब 24 घंटे तक बंधक बनाकर रखा था और बाद में छोड़ दिया था।

सुनील ने बताया कि वह इवेंट असल में उन्हें फंसाने के लिए एक झांसा था। अब इसी मामले में वे अपने वकील और दोस्त के साथ मेरठ कोर्ट में गवाही देने पहुंचे थे। 16 महीने में 10 किलो वजन कम हुआ अदालत से बाहर आने के बाद सुनील पाल ने मीडिया से अपनी आपबीती साझा की। उन्होंने कहा, मैं पिछले 16 महीने से भारी तनाव में जी रहा हूं। इस डर और घबराहट की वजह से मेरा 10 किलो वजन कम हो गया है। अब हालत यह है कि मुंबई में भी अगर मेरे पास कोई अनजान व्यक्ति खड़ा होता है, तो मैं उसे शक की नजरों से देखता हूं। उस एक दिन की घटना ने मुझे मानसिक रूप से तोड़ दिया है।

## हॉलीवुड में दक्षिण एशियाई प्रतिनिधित्व पर

# प्रिया कंसारा ने जताई खुशी



**संजय भंसाली के साथ काम करने की इच्छा**



हॉलीवुड में भारतीय मूल की अभिनेत्री प्रिया कंसारा ने हालिया दौर में दक्षिण एशियाई कलाकारों के बढ़ते प्रतिनिधित्व पर संतोष व्यक्त किया है। 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' जैसी बड़ी फिल्मों में अपनी आवाज देने वाली प्रिया का मानना है कि अब हॉलीवुड की मुख्यधारा की फिल्मों और बड़े बजट के प्रोजेक्ट्स में भारतीय कलाकारों को केवल स्टीरियोटाइप किरदारों तक सीमित नहीं रखा जा रहा है, बल्कि उन्हें विविध और अर्थपूर्ण भूमिकाएं मिल रही हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत ब्रिटिश पीरियड ड्रामा 'ब्रिजर्टन' से की थी और तब से अब तक के बदलाव को काफी सकारात्मक माना है।

प्रिया ने अपने बचपन के अनुभवों को याद करते हुए कहा कि पहले फिल्मों में उनके जैसी दिखने वाली अभिनेत्रियों को या तो बहुत ही सीमित और रूढ़िवादी किरदारों में दिखाया जाता था या फिर वे एक बार स्क्रीन पर दिखने के बाद गायब हो जाती थीं। लेकिन अब स्थिति बदल रही है और उन्हें ऐसे किरदारों में देखा जा रहा है जो उनकी पहचान को एक नया आयाम देते हैं। उन्होंने 'ब्रिजर्टन' में अपने अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि यह उनके लिए एक बड़ा 'आई ओपनर' था, क्योंकि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे किसी पीरियड ड्रामा का हिस्सा बनेंगी, जहां उनके साथ अन्य मुख्य भूमिकाओं में भी दक्षिण एशियाई अभिनेत्रियां मौजूद थीं।

अभिनय के क्षेत्र में अपनी जड़ों की बात करते हुए प्रिया ने बॉलीवुड के प्रति अपने गहरे लगाव को भी साझा किया। उन्होंने बताया कि वे 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'लगान', 'देवदास', 'जब वी मेट' और 'बंटी और बबली' जैसी फिल्मों को देखकर बड़ी हुई हैं, जो उनके लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रही हैं। भारतीय फिल्मों के प्रति अपने इसी प्रेम के चलते उन्होंने महान फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ काम करने की तीव्र इच्छा जताई है। प्रिया ने कहा कि भंसाली की फिल्में बचपन में उन्हें मंत्रमुग्ध कर देती थीं और उन्होंने जो सुंदर दुनिया बनाई है, उनके साथ काम करना उनके लिए एक सपना सच होने जैसा होगा।

अभिनेत्री ने अपने हालिया प्रोजेक्ट 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' में वॉयस एक्टिंग के अपने पहले अनुभव को भी साझा किया। इसमें उन्होंने रायन गोसलिंग के साथ काम किया है। प्रिया ने बताया कि वॉयस एक्टिंग उनके लिए रोमांचक होने के साथ-साथ काफी चुनौतीपूर्ण भी थी, क्योंकि इसमें उन्हें चेहरे के हाव-भाव की चिंता किए बिना केवल अपनी आवाज के जरिए भावनाओं को व्यक्त करना था। फिल्म में उन्होंने 'मैरी' नाम के एक कंप्यूटर की आवाज दी है। यह फिल्म 26 मार्च, 2026 को भारत में रिलीज हुई थी, जिसमें रायन गोसलिंग एक साइंस टीचर की भूमिका में हैं जो पृथ्वी को बचाने के लिए अंतरिक्ष की यात्रा पर निकलते हैं। प्रिया का कहना है कि वे भविष्य में भी इसी तरह की विविध और प्रामाणिक कहानियों का हिस्सा बनना चाहती हैं ताकि भारतीय कलाकारों के अलग-अलग अनुभवों को दुनिया के सामने लाया जा सके।





# भूत बंगला ने पार किया 82 करोड़ का आंकड़ा

### पहले हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर दिखाया दम


बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की जोड़ी ने एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर अपना जादू बिखेर दिया है। हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' ने रिलीज के सातवें दिन तक शानदार प्रदर्शन करते हुए घरेलू बाजार में 82.32 करोड़ रुपये का कुल नेट कलेक्शन पार कर लिया है। बीते शुक्रवार को सिनेमाघरों में उतरी यह फिल्म 'धुरंधर 2' जैसी अन्य फिल्मों की कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद पहले सप्ताह में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखने में सफल रही है। ट्रेड वेबसाइट सैक्निल्क के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार रात 8 बजे तक फिल्म ने भारत में लगभग 3.42 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म की शुरूआत काफी दमदार रही थी, जिसमें प्रीमियर से 3.75 करोड़ और पहले दिन 12.25 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन शामिल था। वीकेंड पर फिल्म ने रफ्तार पकड़ते हुए शनिवार को 19 करोड़ और रविवार को 23 करोड़ रुपये का कारोबार किया। सोमवार को सामान्य गिरावट के बाद भी फिल्म ने 6.75 करोड़ रुपये कमाए, जबकि मंगलवार और बुधवार को यह आंकड़ा क्रमशः 8 करोड़ और 6.15 करोड़ रुपये रहा। इस फिल्म की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसने अपने पहले सप्ताह में ही वरुण धवन की 'भेड़िया' (68.99 करोड़ रुपये) और राजकुमार राव-जान्हवी कपूर की 'रूही' (28.70 करोड़ रुपये) के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म की यह कामयाबी इसलिए भी खास है क्योंकि 2007 की सुपरहिट फिल्म 'भूल भुलैया' के बाद अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की यह दूसरी हॉरर कॉमेडी है। फिल्म में अक्षय कुमार के साथ तब्बू, वामिका गब्बी, परेश रावल, राजपाल यादव और जिशु सेनगुप्ता जैसे मंझे हुए कलाकार नजर आ रहे हैं। फिल्म का निर्माण अक्षय कुमार, एकता कपूर और शोभा कपूर द्वारा बालाजी मोशन पिक्चर्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। 'भूत बंगला' के साथ ही हिंदी सिनेमा ने दिग्गज अभिनेता असरानी को भी एक भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। 84 वर्ष की आयु में 20 अक्टूबर 2025 को दुनिया को अलविदा कह चुके असरानी इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आए हैं। अक्षय कुमार ने फिल्म की रिलीज से पहले उन्हें याद करते हुए साझा किया था कि असरानी के साथ यह उनकी आखिरी फिल्मों में से एक है।


## राम गोपाल वर्मा का बड़ा खुलासा, फिरौती केस से भी जुड़ा नाम

# दावा- सलमान खान की फिल्म का अंडरवर्ल्ड कनेक्शन

बॉलीवुड और अंडरवर्ल्ड का कनेक्शन एक समय चर्चा में रहा है। अब फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने उस दौर की याद दिलाते हुए सलमान खान की फिल्म चोरी चोरी चुपके चुपके को लेकर खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 2001 में रिलीज इस फिल्म के पीछे अंडरवर्ल्ड की परछाई थी, जिसका असर इसके निर्माण और रिलीज पर पड़ा।

यह फिल्म सलमान खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी स्टारर थी, जिसे सरोगेसी जैसे विषय पर बनी शुरूआती फिल्मों में गिना जाता है। लेकिन कहानी से ज्यादा चर्चा इसके विवादों और अंडरवर्ल्ड कनेक्शन को लेकर हुई।





### ऐसे शुरू हुई फिल्म

हुसैन जैदी से बातचीत में राम गोपाल वर्मा ने बताया कि फिल्म की शुरूआत दिलचस्प तरीके से हुई। फाइनेंसर भरत शाह को एक व्यक्ति ने संपर्क किया, जिसने दावा किया कि उसके पास सलमान खान की डेट्स हैं। शुरूआत में शक हुआ, लेकिन जब सलमान ने पुष्टि की तो भरत शाह को भरोसा हो गया और उन्होंने फिल्म में पैसा लगा दिया।


### बाद में सामने आया अंडरवर्ल्ड कनेक्शन

रामू के मुताबिक, कुछ समय बाद भरत शाह को पता चला कि फिल्म के प्रोड्यूसर नाजिम रिजवी के कथित तौर पर अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील से संबंध हैं। हालांकि शाह को लगा कि वह वैध बिजनेस कर रहे हैं और किसी दूसरे के कनेक्शन से उन्हें फर्क नहीं पड़ना चाहिए।

### फिरौती के मामलों में जुड़ा नाम

- मामला तब गंभीर हुआ जब इंडस्ट्री के एक कारोबारी को 5 करोड़ रुपए की फिरौती का कॉल आया। मदद के लिए वह भरत शाह के पास पहुंचा। कहा जाता है कि अंडरवर्ल्ड से बातचीत के बाद रकम घटाकर 2 करोड़ कर दी गई। इसके बाद कई लोग ऐसे मामलों में शाह से मदद मांगने लगे।
- इस पूरे मामले में पुलिस ने फोन टैपिंग शुरू की, जिससे मामला खुलता गया। आखिरकार 2001 में भरत शाह और नाजिम रिजवी को गिरफ्तार कर लिया गया। भरत शाह को इस केस में सजा हुई, हालांकि वह ट्रायल के दौरान काफी समय जेल में बिता चुके थे।
- फिल्म की रिलीज आसान नहीं रही। अंडरवर्ल्ड फंडिंग के शक में जांच एजेंसियों ने इसकी प्रिंट्स जब्त कर ली थीं, जिससे रिलीज टल गई थी। बाद में फिल्म रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक प्रदर्शन किया।

### बॉलीवुड-अंडरवर्ल्ड कनेक्शन की याद



- राम गोपाल वर्मा के इस खुलासे ने उस दौर की याद ताजा कर दी है, जब फिल्म इंडस्ट्री पर अंडरवर्ल्ड का दबदबा बताया जाता था। फिल्मों की फंडिंग से कास्टिंग और उगाही तक, कई मामलों में गैंगस्टर्स के हस्तक्षेप की बातें सामने आती रही हैं।
- कुल मिलाकर, चोरी-चोरी चुपके-चुपके सिर्फ फिल्म नहीं, बल्कि बॉलीवुड के उस दौर की कहानी है, जहां ग्लैमर के पीछे कई अनकही सच्चाइयां छिपी थीं।

### चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 के 33वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 103 रन से हराया

# चेन्नई की आईपीएल में सबसे बड़ी जीत

## संजू ने रोहित की बराबरी की, सीएसके ने मुंबई को सबसे ज्यादा 19 बार हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई



चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 के 33वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 103 रन से हराकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में संजू सैमसन ने पहली पारी की आखिरी गेंद पर चौका जड़कर इस सीजन दूसरा शतक लगाया। उन्होंने टी-20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में रोहित शर्मा की बराबरी कर ली। मुकाबले के दौरान जेमी ओवरटन और तिलक वर्मा के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली।

**सीएसके ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की-** चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 103 रन से हरा दिया। यह टूर्नामेंट के इतिहास में टीम की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2014 के सीजन में अबू धाबी में दिल्ली डेयरडेविल्स के खिलाफ मिली 93 रन विक्ट्री उसकी सबसे बड़ी जीत थी।

**मुंबई को सबसे बड़ी हार मिली-** मुंबई को आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ी हार मिली। इससे पहले 2013 में उसे जयपुर में राजस्थान के खिलाफ 87 रन की हार झेलनी पड़ी थी। वहीं 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद ने 85 रन से हराया था।

**चेन्नई ने मुंबई को सबसे ज्यादा बार हराया-** चेन्नई ने मुंबई को आईपीएल में 19वीं बार हराया। इसके साथ ही सीएसके मुंबई को सबसे ज्यादा मैच हराने वाली टीम बन गई है। उसने एमआई के खिलाफ कुल 40 में से 19 मुकाबले जीते हैं। इसके बाद पंजाब किंग्स है, जिन्होंने 35 मैचों में से 18 जीत हासिल की हैं। दिल्ली कैपिटल्स 38 मैचों में 17 जीत के साथ तीसरे नंबर पर है।

**संजू ने 8वां टी-20 शतक लगाया-** संजू सैमसन ने टी-20 क्रिकेट में 8वां शतक लगाया। सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में विराट कोहली और अभिषेक शर्मा सबसे आगे हैं। दोनों के नाम 9-9 शतक दर्ज हैं। इसके बाद रोहित शर्मा का नाम आता है, जिन्होंने टी-20 में अब तक 8 शतक लगाए हैं।

**आईपीएल में संजू ने 5वां शतक लगाया-** संजू आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में 5वें नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने मुंबई के खिलाफ नाबाद 101 रन की पारी खेली। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा शतक विराट कोहली के नाम पर है। उन्होंने आईपीएल में अब तक 8 शतक लगाए हैं। दूसरे नंबर पर जोस बटलर हैं, जिनके 7 शतक हैं।

**सीएसके के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने की बराबरी की-** चेन्नई सुपर किंग्स के लिए पहला सीजन खेल रहे संजू सैमसन ने दो शतक लगा दिए हैं। चेन्नई के लिए अब तक चार खिलाड़ी 2 शतक लगा चुके हैं। संजू से पहले शेन वॉटसन, मुरली विजय, ऋतुराज गायकवाड भी दो-दो शतक लगा चुके हैं।

**प्लेयर्स काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे-** दोनों टीम के प्लेयर्स काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे। चेन्नई के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी की मां का मंगलवार को निधन हो गया था। इसके बाद दोनों टीम ने काली पट्टी बांधकर शोक जताया।

**बुमराह की नो बॉल पर चौका-** मैच के पहले ओवर में जसप्रीत बुमराह ने 5वीं गेंद नो-बॉल डाली। फुल लेंथ की गेंद पर संजू सैमसन ने शानदार कवर ड्राइव खेलते हुए चौका जड़ दिया। अगली गेंद फ्री-हिट थी, लेकिन बुमराह ने सटीक यॉर्कर डाली और कोई रन नहीं बना।

**सैंटनर ने क्रुणाल की तरह बाउंसर डाली-** चेन्नई की पारी के 6वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने क्रुणाल पंड्या की तरह बाउंसर गेंद डाली। ओवर की चौथी गेंद पर सैंटनर ने सरफराज खान को क्लीन बोल्ड कर पवेलियन भेजा। इसके बाद शिवम दुबे बैटिंग के लिए उतरे। सैंटनर ने उनको पहली गेंद ही 109.1 किमी प्रति घंटे की स्पीड से ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट गेंद डाली। शिवम चौंके, लेकिन आखिरकार पुल शॉट खेलकर गेंद को डीप मिड-विकेट की ओर भेजा और सिंगल ले लिया। इस गेंद के बाद डगआउट में बैठे रोहित शर्मा ने भी ताली बजाकर सैंटनर की सराहना की।

**सैंटनर ने शानदार लो कैच पकड़ा-** चेन्नई की पारी के 17वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने कार्तिक शर्मा का शानदार लो कैच पकड़ा। जसप्रीत बुमराह ने ओवर की 5वीं गेंद फुल टॉस डाली, कार्तिक शर्मा ने उसे डीप स्क्वायर लेग की तरफ खेला, जहां मौजूद सैंटनर ने आगे की ओर डाइव लगाते बेहतरीन लो कैच पकड़ लिया।

### आईपीएल में आज बेंगलुरु के सामने गुजरात

# पाटीदार इस सीजन 22 सिक्स लगा चुके



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

आईपीएल-2026 के 34वें मैच में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना गुजरात टाइटंस से होगा। मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा, जबकि टॉस 7:00 बजे होगा। आरसीबी की कप्तानी रजत पाटीदार कर रहे हैं, वहीं जीटी की कमान शुभमन गिल के हाथों में है।

पाटीदार इस सीजन सबसे ज्यादा सिक्स लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। उनके 22 सिक्स हैं। पहले नंबर पर 27 सिक्स के साथ हैदराबाद के अभिषेक शर्मा हैं। इस सीजन आरसीबी 6 मैचों में 4 जीत और 2 हार के साथ पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है। वहीं जीटी 6 मैचों में 3 जीत और 3 हार के साथ 6 पॉइंट्स जुटाए हैं और छठे स्थान पर है। टूर्नामेंट में दोनों टीमों के बीच अब तक कांटे की टक्कर देखने को मिली है। आईपीएल में आरसीबी और जीटी के बीच 6 मुकाबले खेले गए हैं। दोनों टीमों ने 3-3 मैच जीते हैं। आरसीबी के लिए इस सीजन विराट कोहली शानदार फॉर्म में नजर आए हैं। उन्होंने 6 मैचों में 247 रन बनाए हैं, जिसमें 2 अर्धशतक शामिल हैं। 157.32 के स्ट्राइक रेट से कोहली टीम को तेज शुरूआत दे रहे हैं। गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार ने जिम्मेदारी संभाली है। उन्होंने 6 मैचों में 10 विकेट झटके हैं, जिसमें 3/28 उनका बेस्ट प्रदर्शन रहा है। 8.33 की इकोनॉमी के साथ वह पावरप्ले और डेथ ओवर्स में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









एक्सपायर कार्ड की टेंशन खत्म

# अब नहीं रुकेंगे आपके ओटीटी और बिजली के बिल




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल पेमेंट के नियमों में बदलाव करते हुए ग्राहकों को बड़ी राहत दी है। अब कार्ड एक्सपायर होने या दोबारा जारी होने पर पुराने ई-मैंडेट, ऑटो-पेमेंट अपने आप नए कार्ड पर शिफ्ट हो जाएंगे। साथ ही, बीमा और म्यूचुअल फंड जैसे बड़े भुगतानों के लिए बिना ओटीपी की सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी गई है।

अगर आपका पुराना डेबिट या क्रेडिट कार्ड एक्सपायर हो गया है, तो अब आपको अपनी सब्सक्रिप्शन सेवाओं के लिए बार-बार बैंक के चक्कर काटने या ऐप अपडेट करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को कार्ड जारी करने वाले बैंकों और संस्थाओं को एक नई सुविधा देने की मंजूरी दे दी है। अब बैंक आपके पुराने ई-मैंडेट को सीधे आपके नए कार्ड पर मैप कर सकेंगे।

**क्या है ई-मैंडेट मैपिंग-** अक्सर कार्ड बदलने पर नेटफ्लिक्स, जिम की फीस या बिजली के बिल जैसे ऑटो-डेबिट पेमेंट रुक जाते थे। ग्राहकों को हर जगह जाकर नए कार्ड की डिटेल डालनी पड़ती थी। आरबीआई के नए निर्देश के बाद, बैंक पुराने कार्ड पर चल रहे सभी पेमेंट निर्देशों को नए कार्ड पर ट्रांसफर कर देंगे। इससे ग्राहकों का समय बचेगा और पेमेंट फेल होने का डर भी खत्म होगा। रिजर्व बैंक ने इस नोटिफिकेशन में एक और बड़ा एलान किया है। अब इंश्योरेंस प्रीमियम, म्यूचुअल फंड निवेश और क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट के लिए एक लाख रुपये तक के ट्रांजैक्शन पर एडिशनल फैक्टर ऑफ ऑथेंटिकेशन (एएफए) यानी ओटीपी की जरूरत नहीं होगी।

55% पॉलिसीधारक तीन साल में ही बीमा पॉलिसी कर देते हैं रद्द

# स्वास्थ्य बीमा को लेकर युवा उदासीन


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 24-34 आयु वर्ग के युवाओं में स्वास्थ्य बीमा को लेकर स्पष्ट उदासीनता दिखती है। शुरूआत में आधे से अधिक युवा पॉलिसी खरीदते हैं, लेकिन पहले तीन वर्षों में ही प्रीमियम भुगतान बंद कर देते हैं, जिससे पॉलिसी लैप्स हो जाती है।

देश में युवाओं में स्वास्थ्य बीमा को लेकर उदासीनता देखने को मिली है, भारत में 24 से 34 आयु वर्ग के आधे से अधिक युवा स्वास्थ्य बीमा खरीदते हैं, लेकिन पहले तीन साल के भीतर ही बीमा प्रीमियम भरना छोड़ देते हैं और पॉलिसी लैप्स हो जाती है। निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस की एक रिपोर्ट के मुताबिक पॉलिसीधारकों में से 55 प्रतिशत पॉलिसीधारक बीमा खरीदने के तीन साल के भीतर ही पॉलिसी रद्द कर देते हैं। इससे यह पता चलता है कि शुरूआत में पॉलिसी खरीद लेते हैं, लेकिन लंबे समय तक इसमें बने नहीं रह पाते हैं। यह उच्च पॉलिसी रद्द होने की दर यह दिखाती हैं, कि युवाओं द्वारा लिया जाने वाला निर्णय अक्सर जोखिम सुरक्षा और स्थायी समझ के बजाए अल्पकालिक कारणों की वजह से होता है।

**आंकड़ें पर नजर-** रिपोर्ट में दिए गए आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है, वित्त वर्ष 2025 में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम 9.12 प्रतिशत से बढ़कर 1.17 लाख करोड़ रुपये हो गया, हालांकि बीमाकृत लोगों की संख्या में केवल 1.36 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह संख्या 58 करोड़ तक पहुंच गई। इसमें अधिक चौकाने वाली बात यह रही कि, उनमें से अधिकतर एक बीमा कंपनी से दूसरी बीमा कंपनी में नहीं जा रहे हैं, बल्कि इस कैटेगरी को पूरी तरह से छोड़ रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार युवा जिन चीजों का उपयोग करते हैं उसका भुगतान करने पर वे खुश है। अक्सर स्वास्थ्य बीमा की दो से तीन साल तक आवश्यकता नहीं होती, ऐसे में वह उत्पाद जो वे इस्तेमाल नहीं करते, लेकिन उसके लिए भुगतान करना पड़ता है, ऐसे में उससे अलगाव पैदा हो जाता है और उसे वह बंद कर देते हैं। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 31 प्रतिशत बीमा पॉलिसी को बंद करने वाले लोगों का कहना है कि वे ऐसे उत्पादों में निवेश करना पसंद करेंगे जो उन्हें प्रतिफल दें, यानी वे उत्पाद जहां निवेश कर उन्हें फायदा मिले वहां वे निवेश करना पसंद करते हैं।



### स्वास्थ्य बीमा छोड़ने का मुख्य कारण भुगतान करने में असमर्थ

रिपोर्ट कहती है, समय पर प्रीमियम का भुगतान नहीं करना इसका सबसे बड़ा कारण है। भुगतान बंद करने वालों में 46 प्रतिशत लोग इसे ही कारण बताते हैं। इसके अलावा अन्य वित्तिय दायित्वों के कारण युवाओं पर दबाव पड़ता है और भुगतान बंद हो जाता है। भुगतान बंद करने वालों में से 66 प्रतिशत के पआस अभी भी लोन की दबाव है, जिनमें से 33 प्रतिशत के पास पसर्नल लोन और 17 प्रतिशत के पास होम लाने का कर्ज है।


पॉलिसी का दावा नहीं किया, फिर भी प्रीमियम चुका रहे है : रिपोर्ट कहती है, असल में पॉलिसीधारक हर साल 20,000 से लेकर 25,000 रुपये का भुगतान प्रीमियम के रूप में करते है, लेकिन पॉलिसी उन्होंने पॉलिसी का दावा नहीं किया है। यानी उन्होंने इसका उपयोग नहीं किया है, इसलिए वे इसे जारी रखना उचित नहीं समझते क्योंकि इसका कोई फायदा उनको नहीं मिल रहा है। इसलिए वे पॉलिसी बंद कर देते हैं।

इसमें मूल्य नहीं है : रिपोर्ट बताती है, युवाओं को इसमें को मूल्य नहीं मिल रहा है, यानी कोई फायदा नहीं है। लगभग 34 प्रतिशत ने अपनी पॉलिसी इसलिए बंद कर दी क्योंकि उनका मानना था कि वे और उनका परिवार स्वस्थ हैं और उनको तुंरत किसी सेवा की जरूरत भी नहीं है। इसलिए बीमा को अनावश्यक समझकर बंद कर दिया है।

**17 प्रतिशत ऐसे लोग भी हैं , जो उत्पाद से खुश नहीं-** रिपोर्ट के अनुसार वहीं 17 प्रतिशत ऐसे लोग भी हैं , जो उत्पाद से खुश नहीं है। वे सीमित बीमारियों को कवर करने, उत्पाद की जानकारी सही न मिलने की वजह से बीमा छोड़ देते हैं। लेकिन रिपोर्ट में एक दिलचस्प बात यह भी देखने को मिली है कि, टियर 3 बाजारों में स्वास्थ्य बीमा में रुचि लोगों की बनी हुई है।

ईरान युद्ध

# भारत को यूरिया के लिए चुकानी पड़ रही दोगुनी कीमत



## सरकार ने रिकॉर्ड 25 लाख टन आयात का दिया ऑर्डर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

पश्चिम एशिया में जारी जंग का असर भारत की तेल और गैस के बाद अब उर्वरक जरूरतों पर भी साफ दिखने लगा है। यही वजह है कि सरकार ने पहली बार एक ही टेंडर में रिकॉर्ड 25 लाख टन यूरिया के आयात का ऑर्डर दिया है। बड़ी बात यह है कि इस बार आयात दो महीने पहले चुकाई गई कीमत से दोगुने दाम पर किया जा रहा है। यूरिया की यह रिकॉर्ड खरीदारी भारत के सालाना आयात का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। माना जा रहा है कि इस बड़े ऑर्डर से वैश्विक बाजार में आपूर्ति और भी मुश्किल हो जाएगी, जिससे कीमतें बढ़ने का भी जोखिम है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि महंगे आयात से घरेलू बाजार में भी यूरिया के दाम बढ़ सकते हैं, जिससे किसानों की आय भी प्रभावित हो सकती है। सूत्रों ने बताया, इंडियन पोटाश लि. ने पश्चिमी तट पर डिलीवरी के लिए 935 डॉलर प्रति टन की दर से 15 लाख टन यूरिया खरीदने पर सहमति जताई है। साथ ही, पूर्वी तट पर डिलीवरी के लिए 959 डॉलर प्रति टन की दर से अतिरिक्त 10 लाख टन यूरिया खरीदने का फैसला किया है। अगर तुलना करें, तो इससे पहले हुए टेंडर में कीमतें काफी कम थीं। उस समय पश्चिमी तट के लिए करीब 508 डॉलर और पूर्वी तट के लिए 512 डॉलर प्रति टन की दर से यूरिया खरीदा गया था।

दोनों देशों के बीच सहयोग के नए दौर की शुरूआत

# 'चिप से शिप' तक व्यापार बढ़ाने पर सहमति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत और दक्षिण कोरिया ने वैश्विक तनावों के बीच अपने आर्थिक समझौते को अपग्रेड करने का फैसला किया है। 'चिप्स से शिप्स' तक इस नई 'भविष्य की साझेदारी' के व्यापारिक मायने पढ़ें।

वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल और बढ़ती व्यापारिक बाधाओं के बीच, भारत और दक्षिण कोरिया ने अपने द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने का अहम फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के बीच सोमवार को हुई उच्च स्तरीय वार्ता के बाद, दोनों देशों ने अपने व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) को अपग्रेड करने के लिए बातचीत शुरू करने की आधिकारिक घोषणा की। यह कदम आपूर्ति श्रृखलाओं को सुरक्षित करने और दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को वैश्विक व्यापारिक व्यवधानों से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक प्रतिक्रिया है।



भारत और दक्षिण कोरिया के बीच व्यापारिक और आर्थिक संबंधों ने मुख्य रूप से साल 2010 में सीईपीए लागू होने के बाद काफी तेज गति पकड़ी थी। पिछले एक दशक से अधिक समय में इस समझौते ने दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक आदान-प्रदान का एक ठोस आधार तैयार किया है। हालांकि, वर्तमान वैश्विक परिदृश्य और नई तकनीकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस पुराने ढांचे का मूल्यांकन और आधुनिकीकरण अपरिहार्य हो गया था। इसी के मद्देनजर दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व ने इस साझेदारी को विस्तार देने पर मुहर लगाई है।

तकनीकी और औद्योगिक विस्तार

इस नई व्यापारिक रणनीति का मूल उद्देश्य मौजूदा संबंधों को एक ऐसी 'भविष्य की साझेदारी' के रूप में तैयार करना है जो दोनों देशों के उद्योगों को सीधा और दीर्घकालिक लाभ पहुंचाए। बातचीत के दौरान मुख्य रूप से आधुनिक अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके तहत निम्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया जाएगा।

- **निवेश और व्यापारः** दोनों देशों के बीच पूंजी प्रवाह और वाणिज्यिक गतिविधियों को आसान बनाना।
- **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेमीकंडक्टर्सः** वैश्विक तकनीकी आपूर्ति श्रृंखलाओं में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए इन भविष्य की तकनीकों पर संयुक्त विकास।
- **महत्वपूर्ण और उभरती तकनीकेंः** नवाचार और नई तकनीकी खोजों को बढ़ावा देना।
- **पीपल-टू-पीपल कनेक्टः** दोनों देशों के नागरिकों के बीच आपसी संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का विस्तार।
- प्रधानमंत्री मोदी ने इस व्यापक सहयोग को परिभाषित करते हुए कहा, चिप से लेकर शिप (जहाज) तक, टैलेंट (प्रतिभा) से लेकर टेक्नोलॉजी तक, एंटरटेनमेंट (मनोरंजन) से लेकर एनर्जी (ऊर्जा) तक, हम हर क्षेत्र में सहयोग के नए अवसरों को साकार करेंगे।

60 साल पुराने गन्ना कानून में बदलाव की तैयारी

# इथेनॉल व डिजिटल नियम जोड़े गए सरकार ने 20 मई तक मांगे सुझाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार 1966 के पुराने गन्ना नियंत्रण कानून को बदलकर नया नियम लाने जा रही है। इसमें चीनी के साथ इथेनॉल उत्पादन, डिजिटल रिपोर्टिंग और फैक्ट्री मंजूरी के नए प्रावधान शामिल होंगे। 600 लीटर इथेनॉल को 1 टन चीनी के बराबर माना जाएगा। नए नियम इथेनॉल उद्योग को बढ़ावा देंगे और किसानों के भुगतान नियम पहले जैसे ही रहेंगे।

केंद्र सरकार ने चीनी उद्योग को लेकर बड़ा बदलाव प्रस्तावित किया है। सरकार 1966 के पुराने शुगरकेन कंट्रोल ऑर्डर को हटाकर एक नया और आधुनिक कानून लाने की तैयारी में है। इस नए ड्राफ्ट में चीनी उत्पादन के साथ-साथ इथेनॉल उत्पादन, डिजिटल रिपोर्टिंग और फैक्ट्री की मंजूरी से जुड़े नियम भी शामिल किए गए हैं। इस पर 20 मई तक जनता से सुझाव मांगे गए हैं। नए नियमों में पुराने कानून की कुछ मुख्य बातें बरकरार रखी गई हैं, जैसे गन्ने का उचित मूल्य, गन्ना आपूर्ति की व्यवस्था, 14 दिन के भीतर किसानों को भुगतान और देरी होने पर 15% सालाना ब्याज। लेकिन सबसे बड़ा बदलाव इथेनॉल को लेकर किया गया है। अब चीनी फैक्ट्रियों की परिभाषा में इथेनॉल उत्पादन को भी शामिल किया जाएगा। यानी गन्ने के रस, सिरप, चीनी और शीरे (मोलासेस) से इथेनॉल बनाने वाली इकाइयों को भी इस कानून के तहत माना जाएगा। नए नियम में यह भी तय किया गया है कि 600 लीटर इथेनॉल को 1 टन चीनी के बराबर माना जाएगा। इससे उत्पादन का हिसाब आसान होगा। इसके अलावा जो फैक्ट्रियां सिर्फ इथेनॉल बनाती हैं और गन्ना खुद नहीं पीसतीं, उन्हें बैंक गारंटी की सख्त शर्तों से छूट दी गई है। यह कदम इथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। बता दें कि नए ड्राफ्ट में पहली बार फैक्ट्री खोलने, मंजूरी लेने, न्यूनतम दूरी तय करने और प्रोजेक्ट पूरा करने की समय सीमा जैसे नियम जोड़े गए हैं। ऐसे में अगर कोई फैक्ट्री 7 साल तक बंद रहती है तो उसका लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। सरकार ने डिजिटल रिपोर्टिंग और ट्रैकिंग सिस्टम भी शुरू करने का प्रस्ताव रखा है, जिससे हर फैक्ट्री को एक कोड दिया जाएगा और ऑनलाइन मॉनिटरिंग होगी।

## नरवणे बोले- चीन गतिरोध में सरकार ने अकेला नहीं छोड़ा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व आर्मी चीफ चीफ जनरल एमएम नरवणे ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि 2020 में चीन के साथ हुए गतिरोध में सरकार ने अकेला नहीं छोड़ा था। सरकार पूरी तरह से सपोर्ट में थी और पूरा अधिकार दिया था कि हालात बिगड़ने पर चीनी सैनिकों पर गोलियां चला सकें।

4 फरवरी को राहुल किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी की कॉपी लेकर संसद पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगर आज पीएम आए तो उन्हें यह किताब दूंगा। राहुल ने किताब का वह पेज खोलकर दिखाया, जिसमें लिखा है कि प्रधानमंत्री ने आर्मी चीफ से कहा था- ह्यजो उचित समझो वह करो। राहुल ने यह भी कहा था, 'सरकार और रक्षा मंत्री कह रहे है कि किताब का अस्तित्व नहीं है। देखिए यह रही किताब।' नरवणे की इस अनपब्लिश बुक में चीन के साथ भारतीय सेना की 2020 की झड़पों के साथ-साथ अग्निवीर योजना का रीव्यू किया गया है।

अब पूर्व सेना प्रमुख की नई किताब ह्यद क्यूरियस एंड द क्लासिफाइडः अनअर्थिंग मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीजह्व आने वाली है। पूर्व आर्मी चीफ की अनपब्लिश्ड किताब पर 9 फरवरी को पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने कहा था कि किताब अभी तक प्रकाशित नहीं हुई। इसका कोई हिस्सा सार्वजनिक नहीं किया गया। कंपनी ने कहा कि पब्लिशिंग के सभी राइट्स हमारे पास हैं। अब तक किताब की न तो कोई छपी हुई कॉपी और न ही डिजिटल कॉपी सामने आई। राहुल गांधी ने मंगलवार 3 फरवरी को लोकसभा के बाहर कहा था- नरवणे ने पर पोस्ट किया, ह्यहैलो दोस्तों, मेरी किताब अब अवेलेबल है। लिंक फॉलो करें।

### पुडुचेरी में करीब 90% मतदान; केरलम में 1987 के बाद सबसे ज्यादा वोटिंग

# बंगाल में पहले फेज में रिकॉर्ड 93% मतदान: हिंसा की छिटपुट घटनाएं, भाजपा विधायकों पर हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए बंपर वोटिंग हुई। 1950 में असम के बनने के बाद से राज्य में सबसे ज्यादा 85.91% वोटिंग हुई। इससे पहले 2016 में 84.7% मतदान हुआ था।

वहीं, पुडुचेरी में आजादी के बाद सबसे ज्यादा 89.87% मतदान हुआ। इससे पहले का रिकॉर्ड 85% (2006, 2011 और 2016 विधानसभा चुनाव) का था। केरलम में 1987 के बाद यानी पिछले 39 सालों में सबसे ज्यादा वोटिंग हुई, यहां 78.27% वोट डाले गए। 1987 में रिकॉर्ड 80.54% मतदान हुआ था। वोटिंग परसेंट के आंकड़े 10 अप्रैल की सुबह 8.00 बजे तक के हैं। चुनाव आयोग का फाइनल आंकड़े जारी करना बाकी है।

असम में 126 सीटों पर 41 पार्टियों के 722 उम्मीदवारों का भाग्य का फैसला होगा। 35 जिलों में से 26 से ज्यादा जिलों में 80% से ऊपर वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा 95.56% मतदान साउथ सलमारा मनकचर जिले में हुआ। सबसे कम 75.25% वोटिंग वेस्ट कार्बी आंगलॉन्ग में हुई।

### सीएम हिमंता बोले- असमिया समाज वोटर की वजह से बढ़ा मतदान

असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, बांग्लादेशी मूल के मुस्लिम समाज का 95 से 96% वोट प्रतिशत हुआ करता था। बाकी असमिया समाज में 75-76% तक वोट प्रतिशत होता था। इस बार दोनों समाज के बीच प्रतियोगिता रही। पारंपरिक तौर पर जो समाज सक्रिय मतदान करता है, उन्होंने ज्यादा मतदान किया। जिस समाज में पारंपरिक तौर पर कम मतदान होता है, उसने भी बढ़-चढ़कर मतदान किया है।




केरलम में 140 विधानसभा सीटों पर 2.6 करोड़ मतदाता हैं। इस बार 883 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। राज्य के 14 जिले में से दो जिलों में 80% से ऊपर मतदान हुआ। 10 जिलों में 70% से ज्यादा वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा वोटिंग 81.32% वोटिंग कोझिकोड में हुई। सबसे कम 70.76% मतदान पथनमथिट्टा में हुआ। केरलम में 2.71 करोड़ वोटर 890 उम्मीदवारों में से अपना नेता चुन रहे हैं।

पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटों में कुल 10 लाख मतदाता हैं। यहां 89.87% वोटिंग हुई। केंद्र शासित प्रदेश में कुल दो जिले हैं। सबसे ज्यादा 90.47% मतदान पुडुचेरी जिले में हुआ। वहीं कराईकल में 86.77% वोटिंग हुई। पुडुचेरी के इतिहास में पहली बार इतनी वोटिंग हुई है।

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को रिकॉर्ड वोटिंग हुई। बंगाल की 294 में से 152 सीटों पर पहले फेज में 92.72% मतदान हुआ। दो भाजपा कैंडिडेट पर हमला हुआ। एक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा।

वहीं, मुर्शिदाबाद के नौदा में बुधवार देर रात देसी बम से हमले में कई लोग घायल हो गए। नादौ में हुमायूं कबीर और उनके समर्थकों की टीएमसी के कार्यकताओं के साथ झड़प हुई। वे नौदा के बाद जहां-जहां भी गए, वहां झड़प और हिंसा की घटनाएं हुईं।

तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 85.14% वोटिंग हुई। दोनों राज्यों में आजादी के बाद अब तक सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है। इससे पहले तमिलनाडु में सबसे ज्यादा मतदान 2011 में 78.29% था, जबकि बंगाल में 2011 में 84.72% मतदान दर्ज किया गया था। ममता ने वोटिंग के बाद कहा कि बंगाल की जनता ने रक्फ़ के खिलाफ बंपर वोटिंग की है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि ळटउ का सूरज ढल चुका है। इससे पहले असम, केरलम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। पांचों राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को एकसाथ आएंगे।

## तमिलनाडु में अब तक 14 बार चुनाव, इस बार रिकॉर्ड वोटिंग

तमिलनाडु के 5.73 करोड़ वोटर्स ने नया इतिहास रचा। 1967 से अब तक राज्य में कभी इतनी वोटिंग नहीं हुई। इससे पहले सबसे ज्यादा 78.12% वोटिंग 2011 में हुई थी, तब एआईएडीएमके की मुखिया रहीं जयललिता डीएमके को हराकर सत्ता में आई थीं और 10 साल राज्य किया था। करीब 74 लाख वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए थे। 2021 में कुल 6.29 करोड़ वोटर थे। तब इन 234 सीटों पर 72.81% मतदान हुआ था, जो 2016 की तुलना में करीब 2% कम था। तब इसे कोविड के असर से जोड़ा गया था। वैसे राज्य में औसत मतदान प्रतिशत आमतौर पर 70 से 75% के बीच रहता था, लेकिन इस बार यह करीब 12% बढ़ा है। पश्चिम बर्धमान जिले के बर्नपुर में आसनसोल साउथ सीट से भाजपा की मौजूदा विधायक और उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर हमला हुआ। इससे गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया। अग्निमित्रा ने बताया कि उनकी कार पर पत्थर फेंके गए। बीते 76 साल में असम में राज्य में 15 मुख्यमंत्री बन चुके हैं। इनमें से सबसे लंबे समय तक कांग्रेस का दबदबा रहा। करीब 51 साल तक कांग्रेस के 10 मुख्यमंत्रियों ने सत्ता संभाली।

1978 में पहली बार गैर-कांग्रेसी सरकार बनी। जनता पार्टी के गोलाप बोरबोरा पहले गैर-कांग्रेसी सीएम बने, लेकिन 2 साल बाद फिर कांग्रेस सत्ता में लौटी। 1985 में 'असम गण परिषद' नई रीजनल पार्टी के तौर पर उभरी, जिसने कांग्रेस को चुनौती दी। इसी साल अत्रद्ध के प्रफुल्ल कुमार महंत सीएम बने। उन्होंने अल्टरनेटिव 2 टर्म पूरे किए। इसके बाद 2001 में कांग्रेस के तरुण गोगोई ने सत्ता संभाली। उन्होंने लगातार 3 चुनाव जीते और रिकॉर्ड 15 साल तक सीएम की कुर्सी संभाली।

### यूपी के प्रयागराज, महाराष्ट्र के अमरावती में तापमान 44त्उ पार


# ओडिशा के 4 जिलों में स्कूल बंद; केरल में लू से एक की मौत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। यूपी, राजस्थान और महाराष्ट्र के 4 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। गुरुवार को राजस्थान के श्रीगंगानगर में तापमान सबसे ज्यादा 44.5 डिग्री दर्ज हुआ। यूपी के प्रयागराज और महाराष्ट्र के अमरावती में 44.4 डिग्री , वहीं अकोला में 44.3 डिग्री पारा रिकॉर्ड हुआ।

बढ़ती गर्मी के कारण राजस्थान के जयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर और दौसा में स्कूलों की टाइमिंग समय सुबह 7.30 बजे से कर दी गई है। बीकानेर, झुंझुनूं और जैसलमेर में सरकारी योजनाओं काम के समय में भी बदलाव किया गया है। अब मजदूर सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक ही काम करेंगे। इधर, केरल में सनस्ट्रोक से एक व्यक्ति की मौत हो गई। कन्नूर जिले में बढ़ते तापमान के बीच गर्मी से हुई मौत का यह पहला मामला है। ओडिशा में भी गुरुवार को हीटवेव का असर जारी रहा। झारसुगुड़ा और तालचर में तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया। राज्य के 24 जगहों पर तापमान 40 डिग्री या उससे अधिक रहा।




## मणिपुर में मेइरा पाईबी की महिलाएं उतरीं सड़कों पर, दिन में रास्ते रोक कर धरना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मणिपुर में बीते 7 अप्रैल को रॉकेट हमले में दो बच्चों की मौत हो गई थी। प्रदर्शनों में 3 मौतें हो गई थीं। तबसे विरोध-प्रदर्शन चल रहे हैं। अशांति के बीच 18 अप्रैल से पूर्ण बंद लागू है। सामान्य जीवन ठप है।

इसी बीच अब मेइरा पाइबी समूह की महिलाएं सड़कों पर उतर आईं हैं। हजारों महिलाओं का यह समूह शांति-व्यवस्था के लिए न केवल सड़कों पर प्रदर्शन कर रहा है, बल्कि सामाजिक स्तर पर लोगों को भी जोड़ रहा है। ये महिलाएं दिन में रास्ते रोक रही हैं, धरना दे रही हैं। वहां से न पुलिस निकल सकती है, न कोई और। वहीं, रात में मशाल रैलियों से इलाकों की पहरेदारी भी कर रही हैं। एक प्रदर्शनकारी महिला ने बताया- घर संभालना, आंदोलन में जाना और रोजी-रोटी की चिंता, तीनों को साथ लेकर चलना चुनौतीपूर्ण है। इसके बावजूद यह मेरी नैतिक जिम्मेदारी है और मैं हर चीज संतुलित कर रही हूं। लगातार बंद के कारण आर्थिक दबाव भी बढ़ रहा है। ख्वैरामबंद इमा मार्केट में कुछ महिला विक्रेता दुकानें खोलने को मजबूर हुई हैं। अनीता लौरेंबम ने कहा कि इसका मतलब यह नहीं कि वे आंदोलन के खिलाफ हैं। वे इस काम के बाद आंदोलन में शामिल होंगी। - नागरिक संगठन ह्यकोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी ने 25 अप्रैल को बड़े स्तर पर आंदोलन की घोषणा की है। 80 के दशक में शराबखोरी और मादक पदार्थ की समस्या से निपटने के लिए यह आंदोलन बना। तब भी मशाल से गश्त की जाती थी। - उद्देश्य सामुदायिक भावना को बढ़ावा देना था।

### ट्रम्प ने लेबनान-इजराइल में 3 हफ्ते का सीजफायर कराया

# कहा- ईरान के साथ कोई जल्दबाजी नहीं है, परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से इनकार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजराइल और लेबनान के राजदूत स्तर की दूसरी बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर को तीन हफ्तों के लिए बढ़ाने का ऐलान किया।

उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि वह जल्द ही इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन को व्हाइट हाउस बुलाने की योजना बना रहे हैं।

ईरान के साथ समझौते को लेकर ट्रम्प ने कहा कि कोई भी डील तभी होगी जब वह अमेरिका के हित में होगी। उन्होंने साफ किया कि इस मामले में कोई तय समय सीमा नहीं है और वह जल्दबाजी में फैसला नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के खिलाफ परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। उनके मुताबिक पारंपरिक (नॉन-न्यूक्लियर) हमलों से ही ईरान को पहले ही भारी नुकसान पहुंचाया जा चुका है, इसलिए परमाणु हथियारों की जरूरत नहीं है।

1. ट्रम्प का आदेशः अमेरिकी राष्ट्रपति ने अमेरिकी सेना को होर्मुज में बारूदी सुरंगें (माइन) बिछा रहे छोटे से छोटे जहाजों को बिना तबाह करने का आदेश दिया है।
2. भारत की एडवाइजरीः भारत सरकार ने अपने नागरिकों को ईरान की यात्रा न करने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मौजूदा हालात को देखते हुए लोगों को वहां जाने से बचना चाहिए।
3. होर्मुज में टोल वसूलीः ईरान ने गुरुवार को पहली बार होर्मुज में जहाजों से टोल वसूला है। इसे बैंक में जमा भी करा दिया गया ?है। हालांकि, राशि का खुलासा नहीं किया है।
4. निर्वासित क्राउन प्रिंस का विरोधः ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी पर बर्लिन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस से निकलते वक्त लाल रंग फेंका गया।
5. ट्रम्प की ताकत घटाने में विपक्ष फेल : अमेरिकी सीनेट में ट्रम्प की युद्ध करने की ताकत को कम करने का प्रस्ताव पांचवीं बार खारिज हो गया। इसके खिलाफ 51 वोट पड़े, जबकि समर्थन में 46 वोट मिले।



### हॉर्मुज खोलने के लिए ईरान ने शर्त रखी

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने चेतावनी दी है कि हॉर्मुज तब तक बंद रहेगा, जब तक ईरान की करीब 11 ट्रिलियन डॉलर की जमी हुई संपत्ति (फ्रोजन एसेट्स) जारी नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि अगर अगले 48 घंटों के भीतर कोई ठोस प्रस्ताव नहीं आता है, तो मौजूदा सीजफायर भी टूट सकता है। यह बयान दिखाता है कि इलाके में तनाव फिर से तेजी से बढ़ सकता है और युद्धविराम खतरे में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की कुछ संपत्तियां विदेशों में सच में फ्रीज (जमी हुई) हैं। अलग-अलग रिपोर्ट्स के मुताबिक यह रकम लगभग 50 अरब से 100 अरब डॉलर के बीच मानी जाती है, जो अलग-अलग देशों के बैंकों में फंसी हुई है। इसकी मुख्य वजह अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा लगाए गए प्रतिबंध हैं। ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय गतिविधियों को लेकर उस पर कई सालों से आर्थिक पाबंदियां लगी हैं।

## ट्रम्प ने आर्मी के बाद नौसेना चीफ को बर्खास्त किया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका में रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के भीतर लगातार बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को आर्मी चीफ रैंडी जॉर्ज को हटाया था। अब नौसेना प्रमुख जॉन फेलन को भी पद से बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही परमाणु विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी एंड्रयू हग को संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में सस्पेंड किया गया है, जो कथित तौर पर हनी ट्रैप में फंस गया था।

यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका, ईरान के साथ जंग में उलझा हुआ है। फारस की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना एक्टिव है। रक्षा मंत्री से तालमेल नहीं बना सके पेंटागन की तरफ से छोटा सा बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई, लेकिन हटाए जाने की स्पष्ट वजह नहीं बताई गई। हालांकि सूत्रों के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से फेलन और पेंटागन के शीर्ष नेतृत्व के बीच लगातार मतभेद चल रहे थे। खासकर नौसेना के जहाज निर्माण कार्यक्रम, काम करने के तरीके और नेतृत्व को लेकर उनके और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के बीच टकराव बढ़ता जा रहा था।

दरअसल, अमेरिका अपनी नौसेना को मजबूत करने के लिए नए युद्धपोत, पनडुब्बियां और सपोर्ट जहाज तेजी से बनाना चाहता है। इसके लिए बड़े स्तर पर शिपबिल्डिंग सुधार शुरू किए गए थे, जैसे नए जहाजों के डिजाइन को तेज करना, निर्माण प्रक्रिया को आधुनिक बनाना और प्राइवेट शिपयार्ड के साथ तालमेल बेहतर करना।इन योजनाओं में कई दिक्कतें आ रही थीं। जहाजों के बनने में देरी हो रही थी, कई प्रोजेक्ट तय समय से काफी पीछे चल रहे थे। लागत भी लगातार बढ़ रही थी, यानी बजट से ज्यादा खर्च हो रहा था। हेगसेथ का मानना था कि जरूरी सैन्य सुधारों को लागू करने में फेलन काफी धीमे हैं। ट्रम्प से सीधे संपर्क करने से भी नाराजगी बढ़ी वहीं, फेलन का सीधे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से संपर्क करना भी विवाद की वजह बना। दरअसल फेलन सीधे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से संपर्क कर रहे थे, जबकि आम तौर पर ऐसा नहीं किया जाता। अमेरिकी सेना में एक तय कमांड चेन होती है। यानी फैसले और जानकारी नीचे से ऊपर एक तय क्रम में जाती है।

## ट्रम्प ने भारत को नरक बताने वाली चिट्ठी शेयर की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक पोस्ट को शेयर किया है, जिसमें भारत और चीन को हेल होल (नरक का द्वार) बताया गया है। यह चिट्ठी कट्टरपंथी अमेरिकी लेखक और रेडियो होस्ट माइकल सैवेज की है, जिसमें जन्म के आधार पर नागरिकता देने की आलोचना की गई है और भारत-चीन समेत कई देशों पर विवादित टिप्पणी की गई है।

इसमें लिखा गया है कि प्रवासी जन्म के आधार पर अपने बच्चों को नागरिकता दिलाते हैं। फिर पूरा परिवार अमेरिका आ जाता है। इसमें बर्थराइट कानून की आलोचना करते हुए कहा गया है कि इसका फैसला अदालतों या वकीलों से नहीं, बल्कि देशव्यापी वोटिंग से होना चाहिए। इस चिट्ठी के साथ सैवेज का वीडियो भी टैग है। इस पर भारत के विदेश मंत्रालय की भी प्रतिक्रिया आई है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा- फिलहाल मैं बस इतना ही कहूंगा कि हमने इसे जुड़ी कुछ रिपोर्ट्स देखी हैं।

इस वीडियो को माइकल सैवेज ने 1 अप्रैल को अपने यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीम किया था। इसमें कही गई बातों को ट्रम्प ने 4 पन्नों में ट्रुथ सोशल पर शेयर किया है। इसमें सैवेज कहते हैं कि, (अमेरिकी) संविधान तब लिखा गया जब लोग हवाई यात्रा भी नहीं करते थे।



# ट्रम्प बोले- होर्मुज में माइन बिछा रहे जहाजों को तबाह करें, होर्मुज हमारे नियंत्रण में, परमिशन के बिना कोई भी जहाज यहां से निकल नहीं सकता


ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मैंने अमेरिकी नेवी को आदेश दिया कि होर्मुज में बारूदी सुरंगें (माइन) बिछा रहे छोटे से छोटे जहाजों को बिना हिचकिचाहट तबाह कर दिया जाए।

उन्होंने यह भी बताया कि बारूदी सुरंग हटाने वाले उनके जहाज स्ट्रेट को साफ कर रहे हैं। उन्होंने इस काम को तीन गुना तेजी से करने का आदेश दिया है।

दूसरे पोस्ट में उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह अमेरिका के नियंत्रण में है। अमेरिकी नेवी की परमिशन के बिना कोई भी जहाज यहां से निकल नहीं सकता है। जब तक ईरान किसी समझौते पर नहीं आता, तब तक स्ट्रेट पूरी तरह बंद रहेगा।

उन्होंने दावा किया कि ईरान को यह समझने




में बहुत मुश्किल हो रही है कि उनका नेता कौन है। ईरान युद्ध में बुरी तरह हार रहा है।

तेल पर छूट बढ़ीः अमेरिका ने रूसी तेल की खरीद पर लगी पाबंदियों में दी गई छूट को 30 दिन के लिए बढ़ा दिया है। यह फैसला करीब 10 देशों की मांग पर लिया गया है, जो तेल की कमी का सामना कर सकते हैं।


ट्रम्प का एकतरफा सीजफायरः अमेरिका ने पाकिस्तान की अपील पर ईरान के साथ चल रहे युद्धविराम (सीजफायर) को आगे बढ़ाया गया। ट्रम्प ने कहा कि ईरान में इस समय नेतृत्व और सरकार में एकजुटता नहीं है।

ईरान का सीजफायर से इनकारः ईरान ने किसी भी तरह के सीजफायर से इनकार किया है। मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बाकर कालीबाफ ने कहा कि सीजफायर तभी संभव है जब नाकाबंदी हटाई जाए।

होर्मुज में जहाज जब्तः ईरान की रेवोल्यूशनरी गार्ड (IRGC) ने होर्मुज स्ट्रेट में दो जहाजों को जब्त कर लिया और कहा कि इस रास्ते की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। इससे पहले इन पर गोलीबारी भी की गई।

20 हजार उड़ानें रद्दः यूरोप की सबसे बड़ी एयरलाइन लुफ्थांसा ने ईरान युद्ध के बाद बढ़ी ईंधन कीमतों के चलते 20 हजार उड़ानें रद्द करने का फैसला किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साफ कहा है कि वह ईरान के साथ चल रहे संघर्ष में परमाणु हथियार का इस्तेमाल नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा हथियार किसी को भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। जब ट्रम्प से पूछा गया कि क्या वह ईरान के खिलाफ परमाणु हथियार का इस्तेमाल करेंगे, तो उन्होंने जवाब दिया- ऐसा बेवकूफी भरा सवाल क्यों पूछा जा रहा है... नहीं, मैं इसका इस्तेमाल नहीं करूंगा। परमाणु हथियार किसी के द्वारा भी इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। ट्रम्प ने इस

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 22 / 33 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | त | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | छे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | प | अ | सौं | थी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ब्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

उर्दू के टीचर ने सवाल पूछा - 'नाकाम इश्क' और 'मुकम्मल इश्क' में क्या फर्क होता है...?
छात्र ने जवाब दिया - 'नाकाम इश्क' बेहतरीन शायरी करता है, गजल गाता है, पहाड़ों में घूमता है, उम्दा शराब पीता है।
और 'मुकम्मल इश्क' सब्जी के साथ मुफ्त में धनिया कैसे मिले, रास्ते से ब्रेड लाते और दाल में नमक ज्यादा के फेर में दम तोड़ देता है।

0000000000

एक व्यक्ति घर में पुराने कागजात देख रहा था, तभी उसे पत्नी का आठवीं कक्षा का रिपोर्ट कार्ड मिला।
ध्यान से पढ़ा तो पता चला कि वो पत्नी का चरित्र प्रमाण पत्र था, जिसपर लिखा था - मधुरभाषी एवं शांतिप्रिय छात्रा!
पति तब से बंदूक लेकर उस हेडमास्टर को ढूंढ रहा है, जिसने उसकी पत्नी का चरित्र प्रमाण पत्र बनाया था...!

0000000000

पत्नी - चाय बनाऊं...?
पति - हां ठीक है...!
पत्नी - अदरक वाली...?
पति - ओके...
पत्नी - पुदीना डालूं...?
पति - हां, ठीक है...!
पत्नी - तुलसी...? सेहत के लिए अच्छी होती है...!

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ब्रिटेन- 2008 के बाद जन्मे लोग तंबाकू नहीं खरीद पाएंगे: जनरेशन बैन कानून दोनों सदनों में पास



# 1 जनवरी 2027 से लागू

**ब्रिटेन ने धूम्रपान को रोकने के लिए सख्त कदम उठाया है। अब वहां नई पीढ़ी के लोगों के लिए सिगरेट खरीदना हमेशा के लिए बंद करने की तैयारी हो गई है।**

सरकार ने ह्यटोबैको एंड वेप्स बिलह्ल पास कर दिया है। इसके तहत 2008 के बाद पैदा हुए लोग जिंदगी भर तंबाकू से जुड़ी चीजें नहीं खरीद पाएंगे। संसद से बिल पास हो चुका है और अब सिर्फ किंग चार्ल्स क्क्क की औपचारिक मंजूरी बाकी है, जिसके बाद यह कानून बन जाएगा। यह पूरे ब्रिटेन यानी इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में लागू होगा। सरकार ने यह बिल 2024 में पेश किया था और इसे अपनी बड़ी प्राथमिकताओं में रखा था। नए नियम के अनुसार, 1 जनवरी 2027 से यह कानून लागू होगा।

## उम्र के हिसाब से लागू होगा कानून

1 जनवरी 2027 से तंबाकू खरीदने की न्यूनतम उम्र हर साल 1 साल बढ़ती जाएगी।

यानी अगर 2027 में उम्र सीमा 18 साल है, तो 2028 में 19 साल, 2029 में 20 साल हो जाएगी।

जो लोग 2009 या उसके बाद पैदा हुए हैं, वे कभी भी कानूनी तौर पर सिगरेट नहीं खरीद पाएंगे। दुकानदारों को हर ग्राहक की उम्र चेक करना जरूरी होगा। कम उम्र वाले को सिगरेट बेचने पर जुमार्ना लगेगा। तंबाकू बेचने वालों को रजिस्ट्रेशन करना होगा। वहीं विज्ञापन और प्रमोशन पर सख्त रोक रहेगी।

## न्यूजीलैंड यह कानून लागू करने वाला पहला देश

न्यूजीलैंड पहला देश था जिसने यह आइडिया दिया कि एक तय साल के बाद पैदा हुए लोग कभी सिगरेट नहीं खरीद पाएंगे। न्यूजीलैंड सरकार देश को सिगरेट-तम्बाकू से मुक्त करना चाहती थी इसलिए यह कानून बनाया गया था। दिसंबर 2022 में न्यूजीलैंड संसद में तम्बाकू-सिगरेट को बैन करने वाला स्मोक फ्री एनवायरनमेंट कानून पास हो गया था। इसके तहत ऐसे लोग जिनका जन्म 2008 के बाद हुआ है, वो किसी भी तरह के स्मोकिंग प्रोडक्ट्स नहीं खरीद सकते थे।



## ई-सिगरेट पर भी सख्ती

वेपिंग (ई-सिगरेट) पर भी सख्ती की गई है। स्कूल, अस्पताल और बच्चों के खेलने की जगहों पर स्मोकिंग पूरी तरह बंद होगी। कई इनडोर जगहों पर वेपिंग भी नहीं कर सकेंगे। अगर कोई 18 साल से कम उम्र के व्यक्ति के साथ कार में वेपिंग करता है, तो वह भी गैरकानूनी होगा। ब्रिटेन के हेल्थ सेक्रेटरी वेस स्ट्रीटिंग ने कहा है कि यह पीढ़ी लत और नुकसान से बची हुई पहली स्मोक-फ्री जनरेशन होगी। उनका कहना है कि इलाज करने से बेहतर है पहले ही बीमारी को रोक दिया जाए। सरकार का कहना है कि इससे आने वाले समय में स्मोक-फ्री जनरेशन तैयार होगी और धूम्रपान से होने वाली बीमारियां और मौतें कम होंगी। हालांकि कुछ लोग और कारोबारी इसे बहुत सख्त बता रहे हैं और कह रहे हैं कि लोगों को जागरूक करना ज्यादा जरूरी है।

## ब्रिटेन में हर साल तंबाकू से 76 हजार मौतें

ब्रिटिश सरकार ने यह सख्त कदम इसलिए उठाया है क्योंकि धूम्रपान वहां लोगों की सेहत के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक यहां हर साल 76,000 से ज्यादा लोग सिगरेट से जुड़ी बीमारियों जैसे कैंसर, दिल की बीमारी और फेफड़ों की समस्या से जान गंवा देते हैं। सरकार का कहना है कि ज्यादातर लोग कम उम्र में ही सिगरेट पीना शुरू कर देते हैं। बाद में यह आदत छोड़ना मुश्किल हो जाता है, इसलिए शुरू से ही नई पीढ़ी को इससे दूर रखना जरूरी है। धूम्रपान की वजह से इलाज पर काफी पैसा खर्च होता है, जिससे ब्रिटेन की स्वास्थ्य सेवा (ठल्र) पर दबाव बढ़ता है। अगर लोग कम धूम्रपान करेंगे, तो यह बोझ भी कम होगा। ब्रिटेन में करीब 75 प्रतिशत लोग जो सिगरेट पीते हैं, वे चाहते हैं कि उन्होंने कभी इसकी शुरूआत ही न की होती। इसके अलावा, बीमार होने की वजह से लोगों का काम भी प्रभावित होता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है।



## कई देश बना रहे 'स्मोक-फ्री जनरेशन'

**फ्रांस**
यहां पार्क, बीच और बच्चों के आसपास स्मोकिंग पर रोक लगाने की दिशा में काम हो रहा है। कई जगहों पर पहले से ही प्रतिबंध लागू।

**स्पेन**
बीच और सार्वजनिक जगहों पर स्मोकिंग बैन बढ़ाया गया है। सरकार इसे और सख्त करने की तैयारी में है।

**आयरलैंड**
यह देश पहले से ही पब्लिक प्लेस पर स्मोकिंग बैन लागू कर चुका है और अब धूम्रपान पूरी तरह खत्म करने के लक्ष्य पर काम कर रहा है।

**स्वीडन**
यह दुनिया के सबसे कम स्मोकिंग रेट वाले देशों में है। यहां सरकार का लक्ष्य "स्मोक-फ्री सोसाइटी" बनाना है।

**जापान**
बड़े शहरों में सड़कों और सार्वजनिक जगहों पर स्मोकिंग पर सख्त नियम हैं। तय जगहों पर ही सिगरेट पीने की अनुमति है।

**अमेरिका**
कई राज्यों और शहरों में पब्लिक प्लेस, पार्क और यहां तक कि कुछ बीच पर भी स्मोकिंग बैन है। हर राज्य के नियम अलग-अलग हैं।

**न्यूजीलैंड**
यहां "स्मोक-फ्री जनरेशन" का बड़ा कानून लाया गया था, हालांकि बाद में इसे वापस ले लिया गया।

**मालदीव**
यह भी उन देशों में शामिल है जहां नई पीढ़ी को तंबाकू से दूर रखने के लिए सख्त नियम लागू किए गए हैं।

■ वर्ष-12 अंक-170 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

**विद्या शस्त्रं च शास्त्रं च द्वे विद्ये प्रतिपत्तये।**
**आद्या हास्याय वृद्धत्वे द्वितीयाद्रियते सदा।।**

**भावार्थ** : शस्त्र और विज्ञान विद्या झ ये दो प्राप्य विद्याएं हैं। प्रवेश पुराना है, और हमेशा के लिए सदाबहार है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 24 अप्रैल, 2026

**ज्ञातिभि र्वण्टयते नैव चोरेणापि न नीयते।**
**दाने नैव क्षयं याति विद्यारत्नं महाधनम्।।**

**भावार्थ** : ज्ञान का रत्न एक महान धन है, जिसे विद्वान बांट नहीं सकते, जिसे चोर छीन नहीं सकते, और जिसका दान क्षय नहीं होता।

## सम्पादकीयम्

## पेट्रोलस्य डीजलस्य च अभावः नास्ति

देशे पेट्रोलस्य डीजलस्य च अभावः नास्ति; भारते इरान्-देशस्य वृत्तिः अपि स्पष्टा अस्ति–सिम्पली एवॉयड् अफवाहाः पश्चिम एशियायां प्रचलति संकटस्य मध्यं भारतसर्वकारेण जनसामान्यं आश्वासितं यत् देशे पेट्रोलस्य, डीजलस्य, एलपीजी इत्यस्य वा अभावः नास्ति। भारते पर्याप्तं भण्डारः अस्ति। यदि सर्वे अफवाः प्रसारयितुं निवृत्ताः भवन्ति, केवलं आवश्यकं क्रयणं कुर्वन्ति तर्हि कोऽपि कृत्रिमसंकटः निवारयितुं शक्यते। देशस्य अन्तः पेट्रोल-डीजल-एलपीजी-इत्यस्य अभावः नास्ति इति पुनः सर्वकारेण जनसमूहः आश्वासितः। भारतस्य पर्याप्तं भण्डारः अस्ति। प्रचलितपरिस्थितेः आलोके वर्तमानकाले जनसमुदायस्य मध्ये यत् भयं, आशङ्का च प्रवर्तते तत् दृष्ट्वा एतादृशं आश्वासनं अत्यावश्यकम्। आपूर्तिः न स्थगिता अस्ति। गुरुवासरे देशस्य अनेकनगरेभ्यः पेट्रोलपम्पेषु दीर्घपङ्क्तयः दर्शयन्तः चित्राणि उद्भूताः। अयं आतङ्कः अफवाः, किञ्चित्पर्यन्तं कृष्णविपणनेन च प्रेरितः अस्ति। यद्यपि इरान्-सम्बद्धेन द्वन्द्वेन वैश्विकतैल-आपूर्तिषु निःसंदेहं प्रभावः अभवत् तथापि प्रवाहः पूर्णतया स्थगितः न अभवत्। अपि च भारतस्य स्वकीयाः सामरिकभण्डाराः सन्ति-ये सर्वकारस्य मते ६० दिवसान् यावत् स्थातुं पर्याप्ताः सन्ति। तदतिरिक्तं आगामिमासद्वयस्य कच्चे तैलस्य क्रयणं पूर्वमेव सुरक्षितम् अस्ति, तथा च घरेलु-एलपीजी-उत्पादने ४०% वृद्धिः अभवत्।

### जबलपुरे खननदलस्य छापेमारीयां आतङ्कः उत्पन्नः

# अवैधवालुकाखनने संलग्नः युवा आतङ्केन नदीयां कूर्दति, मृतः च



ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

अद्य अपराह्ले २:०० वादनस्य समीपे जबलपुरस्य जामतारानगरस्य खिरैनीघाटे अवैधबालुखननकार्यं कुर्वतां व्यक्तिनां मध्ये भगदड़ः अभवत्, यदा खननविभागस्य जिलाप्रशासनस्य च संयुक्तदलेन छापामारी कृता। तदनन्तरं अराजकतायाः मध्ये एकः युवकः पलायनप्रयासे नर्मदानद्यां कूर्दितवान्, तदनन्तरं मग्नः अभवत्। घटनायाः क्रुद्धाः ग्रामजनाः समागत्य विरोधं कर्तुं आरब्धवन्तः।

जामतारानगरस्य खिरैनीघाटे स्थानीययुवकानां समूहेन वालुकानिष्कासनं क्रियमाणम् इति सूचना अस्ति। अस्मिन् एव कार्यकाले उपविभागीयदण्डाधिकारी खननविभागस्य दलेन च तस्मिन् स्थले छापा मारितवती। यदा चतुः पञ्च युवकाः पलायनं कर्तुं समर्थाः अभवन्, तदा एकः युवकः-जमताराग्रामस्य निवासी २५ वर्षीयः मानक वर्मा इति परिचितः-पुलिसैः कोणे कृतः परिस्थित्या आतङ्कितः सः नर्मदानद्यां कूर्दितवान्। तस्य शवः किञ्चित्कालानन्तरं नदीतीरस्य समीपे एव प्राप्तः। घटनायाः वार्ता ग्रामजनानां समीपं प्राप्तमात्रेण घाटे बहुजनसमूहः समागतः। तेषां आरोपः आसीत् यत् यद्यपि पुलिस-प्रशासनयोः शक्तिशालिनः खननमाफिया-सङ्घटनानाम् रक्षणं भवति तथापि ते प्रायः बोराणां उपयोगेन वालुकाम् आकर्षयन्तः साधारणाः व्यक्तिः लक्ष्यं कृत्वा गृह्णन्ति। एतेषां आरोपानाम् अनन्तरं ग्रामजनाः विरोधं कृतवन्तः। वर्धमानं तनावं दृष्ट्वा अनेकेषां स्टेशनानाम् पुलिसबलाः-बरेला, रञ्जी, गोराबाजारः, खमरिया च- घटनास्थले नियोजिताः, ग्रामजनानां शान्तिं कर्तुं कार्यं च कृतवन्तः ग्रामजनाः छापेमारीदलस्य वाहनानां टायरं अपि निष्कास्य पुलिसैः तेषां विरुद्धं लाठीप्रयोगस्य आश्रयः कृतः इति आरोपः कृतः। अन्ततः पुलिस ग्रामजनैः सह तर्कं कर्तुं समर्थः अभवत्-यद्यपि महता कष्टेन--- दोषीणां विरुद्धं कार्यवाही भविष्यति इति आश्वासनं च दत्तवान्; तदा एव जनसमूहः क्षीणः अभवत्, येन शवः मृत्योः परीक्षणार्थं चिकित्सामहाविद्यालयं प्रेषयितुं शक्यते स्म।

### अमेरिकादेशस्य लुईसियानानगरे

## मनुष्यः ८ बालकान् मारितवान्, पत्नीं अपि गोली मारयति

ब्रह्मास्त्र ›› लुईसियाना

अमेरिकी-राज्ये लुईसियाना-राज्ये स्थिते श्रेवपोट्-नगरे एकः पुरुषः अष्टौ बालकान् गोलिकाभिः मारितवान्। पुलिस-अनुसारं पीडितानां सप्त तस्य स्वसन्ततिः आसीत्। एषा घटना अस्मिन् वर्षे अमेरिकादेशे बृहत्तमः सामूहिकगोलीकाण्डः इति गण्यते।

प्रातः ६:०० वादने (स्थानीयसमये) वेस्ट् ७९ स्ट्रीट् इत्यस्य ३०० खण्डे एषा घटना अभवत्। संदिग्धस्य पहिचानः शामार एल्किन्स् (३१) इति कृतः अस्ति। पुलिसः अवदत् यत् बालकानां सप्त गृहस्य अन्तः गोलिकापातः अभवत्, एकः बालकः सुरक्षितस्थानं पलायनस्य प्रयासे छतौ गोलिकापातः अभवत्। आक्रमणे आक्रमणशैल्याः शस्त्रस्य उपयोगः कृतः। घरेलुविवादात् एषा घटना उत्पन्ना इति मन्यते।

पुलिसेन मृतानां पीडितानां पहिचानं जयला एल्किन्स् (३), शैला एल्किन्स् (५), कायला प्यू (६), लैला प्यू (७), मार्केडन् प्यू (१०), सरियाह स्नो (११), खेडारियन् स्नो (६), ब्रेलोन् स्नो (५) इति कृतम् अस्ति अस्मिन् आक्रमणे १३ वर्षीयः बालकः अपि घातितः अभवत्; सः गृहात् पलायितुं समर्थः भूत्वा स्वप्राणान् रक्षितुं छततः कूर्दितवान्। श्रेवपोट्-पुलिसस्य अनुसारं मृताः बालकाः-यत्र त्रयः बालकाः पञ्च बालिकाः च सन्ति-३ तः ११ वर्षाणि यावत् आयुः आसीत्। सप्त जनाः जैविकभ्रातरः आसन्, एकः तु तेषां मातुलपुत्रः आसीत्। आक्रमणे द्वौ महिलाः अपि घातिताः अभवन्; एकः शङ्कितेः पत्नी, तस्याः स्थितिः च गम्भीरा इति कथ्यते। शङ्कितः प्रथमं स्वपत्न्याः गोलिकाप्रहारं कृतवान् इति कथ्यते, तदनन्तरं सः अन्यं निवासस्थानं गतः यत्र सः अष्टौ बालकान् अन्यां च महिलां गोलिकाभिः मारितवान् इति कथ्यते।

## प्रभावीरूपेण वर्धिता अस्ति त्वरित कोयला परिवहन

ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर

अङ्गारयानयानस्य कृते कटनी-बीना-रेखा देशस्य व्यस्ततममार्गेषु अन्यतमः अस्ति। तृतीयरेखायाः आरम्भेण मालवाहकयानानां गतिः वर्धते, रेखानिष्कासनसम्बद्धानां विषयाणां न्यूनीकरणं भविष्यति, तापविद्युत्संस्थानेषु अङ्गारस्य समये आपूर्तिः सुनिश्चिता भविष्यति-फलतः ऊर्जाजनने सकारात्मकः प्रभावः भविष्यति।

क्षेत्रीय विकासाय प्रवर्धनम्- एषा परियोजना सागर, दमोह, कटनी इत्यादीनां मण्डलानां पार्श्वे बीनाक्षेत्रस्य औद्योगिकव्यापारिकविकासाय नूतनं गतिं प्रदातुं निश्चिता अस्ति निवेशाय अनुकूलं वातावरणं पोषयिष्यति, स्थानीयरोजगारस्य अवसरान् वर्धयिष्यति, कृषिक्षेत्राय परिवहनसंरचनायाः उन्नतिं लाभं प्रदास्यति च। परियोजना मुख्यविषय तृतीयरेलमार्गस्य दीर्घता : २५९.९१ किलोमीर्ट।

## राशिफल

**मेष** : निर्णय लेने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। ढेर सारे अवसर पाने के लिए आपको विनम्र और ईमानदार रहना चाहिए।

**वृषभ** : आपको अपने रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए किसी बाहरी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

**मिथुन** : आपकी वित्तीय स्थिति में सुधार होगा। नए प्रोजेक्ट के बारे में सोचना आपके लिए फायदेमंद होगा।

**कर्क** : अगर आप अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं, तो आपको कमाई के अन्य स्त्रोतों के बारे में भी सोचना चाहिए।

**सिंह** : जल्द ही आप आगे की यात्रा के लिए अपने जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव करने में सक्षम होंगे।

**कन्या** : करियर और आय के स्तर में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। कुछ गलतफहमियों का सामना भी करना पड़ सकता है।

**तुला** : आपको अपने परिवार और दोस्तों से समर्थन मिलेगा, जो आपको अच्छे भविष्य के बारे में पॉजिटिव सोचने में मदद करेगा।

**वृश्चिक** : आपके काम में असंतुलन पैदा हो सकता है। जल्द ही आपको कोई दिलचस्प प्रोजेक्ट मिल सकता है। धैर्य रखने की कोशिश करें।

**धनु** : आप अभी कोई बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं हैं। अब आप अपने पार्टनर के संग क्वालिटी टाइम स्पेन्ड करें।

**मकर** : आज दिन सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिलेंगे। आप दोनों के बीच विश्वास और अंडरस्टैंडिंग होनी चाहिए।

**कुंभ** : आज के दिन आध्यात्मिक बनने का प्रयास करें ताकि आप खुश और संतुष्ट रह सकें। आपको लोगों से मदद और सपोर्ट मिलेगा।


**मीन** : आपकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है। अभी आपको केवल एक ही काम पर ध्यान देने की जरूरत है।

### ज्योतिष/वास्तु

# 27 अप्रैल से इन राशि वालों के करियर में आएगा उछाल, प्रमोशन के भी बनेंगे योग

27 अप्रैल 2026 को शुक्र रोहिणी नक्षत्र में गोचर करने जा रहे हैं। माना जाता है कि, रोहिणी नक्षत्र के स्वामी चंद्रमा है। ऐसे मे शुक्र और चंद्रमा के प्रभाव से कुछ राशियों को विशेष लाभ मिल सकता है।

वर्तमान समय में शुक्र अपनी राशि वृषभ में विराजमान हैं। अपने स्वामित्व वाली राशि में होने से उनका प्रभाव और भी अधिक माना जा रहा है। वहीं वृषभ में रहते हुए शुक्र अब नक्षत्र परिवर्तन भी करने जा रहे हैं। ज्योतिषियों के मुताबिक, 27 अप्रैल 2026 को शुक्र रोहिणी नक्षत्र में गोचर करेंगे। रोहिणी नक्षत्र मुख्य रूप से प्रेम, सौंदर्य और रचनात्मकता का प्रतीक है और इसके स्वामी चंद्रमा है। चूंकि शुक्र भी प्रेम, विलासिता, सुख-सौभाग्य के कारक है। इसलिए उनके इस नक्षत्र परिवर्तन का शुभ प्रभाव कुछ राशियों के लिए बेहद भाग्यशाली हो सकता है।



जातकों की कला में निखार, आकर्षण में वृद्धि और धन-धान्य की प्राप्ति के योग बन सकते हैं। ऐसे में आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**मेष राशि-** शुक्र नक्षत्र परिवर्तन से मेष राशि वालों को विशेष लाभ मिल सकता है। यह समय आपके करियर में कुछ सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को नई जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। इसके अलावा कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। नेतृत्व करने के अवसर मिलने का पूरा योग है। कार्य स्थल पर सभी कार्यों में वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। व्यापार करने वालों के लिए भी विस्तार और लाभ के मौके बनेंगे।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों के लिए यह गोचर बेहद खास रहने वाला है। आप नए लोगों से मिलकर कोई नया व्यापार प्रारंभ कर सकते हैं। लंबे समय से अटके हुए काम अब पूरे होने लगेंगे। इस समय सेहत में चल रही परेशानियां दूर होगी और समस्याओं से राहत मिलेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, जिससे आप अपने लक्ष्यों को पाने के लिए और अधिक प्रेरित रहेंगे। वृषभ राशि वालों की कला में निखार आएगा। आपके काम को नई पहचान मिलने के योग बनेंगे।

**कर्क राशि-** कर्क राशि के जातकों के लिए यह गोचर सफलता के नए द्वार खोल सकता है। सत्ता-सरकार से जुड़े मामले में निर्णय आपके पक्ष में आएगा। शुक्र के प्रभाव से आपके प्रभाव में वृद्धि होगी। रिश्ते-नातों में आत्मीयता एवं मधुरता बनी रहेगी। पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है। इस दौरान कर्क राशि वालों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा। लोग आपकी बातों को महत्व देंगे। संतान पक्ष की सफलता से मन प्रसन्न रहेगा।

## खबर एक नजर...

### घायल पड़ा देख कार चालक ने पहुंचाया अस्पताल

**उज्जैन।** इंदौर-नागदा बायपास चिंतामण की ओर जाने वाले मार्ग पर गुरूवार दोपहर बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार सड़क पर पड़ा था। इसी बीच देपालपुर से वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बायपास मार्ग पर बनी होटल राजमहल आ रहे देपालपुर के रहने वाले कमलसिंह सोलंकी ने घायल युवक को देखा तो अपनी कार रोकी और परिवार को उतारकर उसे उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे। घायल मुकेश पिता छगनलाल 44 साल बीरमाल रतलाम का रहने वाला है। उसके पास मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई है। परिजनों के आने पर घायल के संबंध में जानकारी सामने आ पायेगी। अस्पताल की ओर से दुर्घटना में घायल युवक की सूचना पुलिस को दी गई है।

### झांसा देकर नाबालिग का शोषण करने वाला गिरफ्तार

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग को शादी का झांसा देकर शोषण करने वाले आरोपी अमन पिता मनोज भावसार को पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार कर लिया। एसआई मनोहर बडोदिया ने बताया कि नाबालिग ने एक दिन पहले मामले की शिकायत दर्ज कराई थी और बताया था कि चार-पांच माह पहले पहचान हुई थी। अमन ने शादी का झांसा दिया और होटल में ले जाकर गलत काम किया, यहीं नहीं उसने कार में भी उसका शोषण किया। एसआई बडोदिया के अनुसार युवक के गिरफ्त में आने पर उसका मेडिकल परीक्षण कराकर गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### युवक को पेट में चाकू घोंपकर भागा बदमाश

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम कोदरीखेड़ा में गुरूवार दोपहर को जीवन पिता निहालसिंह गुर्जर घर के बाहर खड़ा था, उसी दौरान गांव में रहने वाला जीवनसिंह आया और पेट में चाकू घोंपकर भाग निकला। चाकू का गहरा घाव लगने पर जीवनसिंह गुर्जर लहूलुहान हो गया। परिजन उसे तराना शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे। तराना पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर आरोपित जीवन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घायल के अनुसार कुछ दिन पहले शादी समारोह में डीजे पर नाचने की बात पर विवाद हुआ था। उसी विवाद में चाकू मारा गया है। पुलिस अनुसार आरोपित गांव का रहने वाला है, फिलहाल वह गांव छोड़कर भाग निकला है। परिजनों से पूछताछ कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### दुर्घटना में घायल युवक की 50 दिन बाद थमी सांस

**उज्जैन।** 50 दिन पहले ईद पर्व की खरीददारी करने महिदुपर से वसीम पिता उस्मान 38 साल अपने दोस्त फैजान के साथ उज्जैन आया था। रात में दोनों बाइक से वापस महिदपुर लौट रहे थे। उसी दौरान झारड़ा कटन पर तेजगति से आई आयशर ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में वसीम गंभीर घायल हुआ था, फैजान को मामूली चोंट लगी थी। परिजनों ने वसीम को उपचार के लिये फ्रीगंज क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। 50 दिन चले उपचार के बाद गुरूवार सुबह वसीम की सांस थम गई। मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। मर्ग डायरी संबंधित थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 455-4 | 459-8 |
| मेन बाजार | 123-6 | - |
| मिलन डे | 190-0 | 167-4 |
| मिलन नाइट | 333-9 | 677-0 |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 |

### ईओडब्ल्यू की जांच में खुलासा, 40 पर केस दर्ज

# फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र से हड़पी 8 करोड़ की बीमा पॉलिसी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मृतक व्यक्तियों को जीवित बताकर बीमा पॉलिसी प्राप्त करने और बाद में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर इंश्योरेंशन कंपनी को 8 करोड़ की क्षति पहुंचाने का बड़ा मामला सामने आने पर ईओडब्ल्यू ने गुरूवार को 40 से अधिक लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया है।

मामला उज्जैन और मंदसौर से जुड़ा होना सामने आया है। सितम्बर 2025 में आईसीआईसीआई प्रूडेंसियल लाईफ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा भोपाल ईओडब्ल्यू को शिकायत दर्ज कराई थी और बताया गया था कि जारी पॉलिसियों में बीमा एजेंटों, पॉलिसी धारक, नामिनी द्वारा पूर्व से गंभीर बीमारी से ग्रसित और मृतक व्यक्तियों के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर करोड़ की क्षति पहुंचाई गई है। मामले की जांच भोपाल से उज्जैन ईओडब्ल्यू ईकाई को सौंपी गई। 6 माह तक निरीक्षक रीमा यादव, एएसआई अशोक राव, प्रधान आरक्षक विशाल बादल, मोहन पाल, लोकेन्द्र देवड़ा और राकेश जटिया द्वारा गंभीरता से जांच की गई। जिसमें पाया गया कि 8 करोड़ की धोखाधड़ी की गई है। जिसमें बीमा एजेंटों के साथ पॉलिसी धारक, नामिनी और लोक सेवक सरपंच, सचिव, सहायक सचिव सभी शामिल है। निरीक्षक रीमा यादव के अनुसार मामले में करीब 40 लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 417, 420/511, 467, 468, 471, 120 बी और भ्रष्टाचार अधिनियम 1988 की धारा 7 (ग), 12 में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।




#### 27 में से 19 पॉलिसी पाई गई संदिग्ध

ईओडब्ल्यू एसपी समर वर्मा ने बताया शिकायत को गंभीरता से लेकर जांच की गई जिसमे कुल 27 बीमा पॉलिसियां संदिग्ध मिली। इनमें 19 मामलों में बीमारी छुपाकर पॉलिसी ली गई थी। 8 मामलों में मृत व्यक्तियों के नाम पर पॉलिसी जारी कर क्लेम की कोशिश की गई थी। जांच में कई तथ्य सामने आये जो धोखाधड़ी को उजागर कर रहे थे। लोकसेवको ने जिन्हें आरोपी बनाया है उन्होंने पॉलिसी धारकों के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य शासकीय दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर, मिथ्या साक्ष्य तैयार कर दिए थे और बीमा कम्पनी में मृत्युदावा प्रस्तुत कर दिया था।

#### इनके खिलाफ दर्ज किया गया मामला

8 करोड़ की धोखाधड़ी में जिन लोगों पर मामला दर्ज किया गया उसमे आईसीआईसीआई प्रूडेंसियल लाईफ इंश्योरेंस कम्पनी के एजेण्ट मेघा डोंगांरवर, ऋषि पाल, जशोदाबेन शर्मा, महेशचन्द्र, मुकेश साधवानी, सुनिता, जितेन्द्र खिंची, महेन्द्र परिहार, अंजली जैन, प्रहलाद चौहान, मेघा कोठारी, रवि राठौर, प्रहलाद पाटीदार है। पॉलिसी धारकों के नामिनि रामकन्या नवरंग, सरे कुंवर, गोकुल सिंह, अनिल, रेखा बाई, मुकेश सिंह चौहान, राधा मालवीय, गोपाल, प्रभा पाटीदार, अनिल भाटी, दिलीप गावरिया, विनोद, कैलाश हिरवे, शीतल, श्यामदास बैरागी, मुन्नी यादव, सुरेश जुझारे, मंजुदेवी राव, राधा देवी, सरफराज अहमद, सुधीर राठौर, ज्योति बाई और लोकसेवकों में ग्राम आलाखेड़ा, तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के सरपंच जसवंत सिंह, सचिव राजकुमार देवड़ा, सहायक सचिव राधेश्याम गुर्जर, ग्राम पंचायत पालखंदा तहसील व जिला उज्जैन के सचिव मेम्बर चौधरी, ग्राम पंचायत धुरेरी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के सचिव लाखन सिंह चौहान व अन्य शामिल है।

## प्रेम विवाह करने वाले दम्पति ने सुसाइड का प्रयास

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

प्रेम विवाह करने वाले दंपति ने रात में अपनी जान देने का प्रयास किया। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर दोनों की जान बचाई। पति फंदे पर लटक चुका था पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था।

**पुलिस ने दरवाजा तोड़कर बचाई दोनों की जान**

घटिया थाना प्रभारी करण खोवाल में बताया कि रात में ग्राम नजरपुर के रहने वाले आसिफ पटेल ने व्हाट्सएप पर दोस्तों को मैसेज भेजो कि जिंदगी से परेशान हो चुका हूं जा रहा हूं। इस बात की जानकारी पुलिस को मिली तत्काल नजरपुर पहुंचकर उसके घर की जानकारी दी गई इस दौरान सामने आया कि करीब 2 घंटे से दरवाजा बंद है। पुलिस ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तत्काल ही संदेह के आधार पर दरवाजा तोड़ा गया इस दौरान आसिफ पटेल फंदे पर लटका हुआ दिखाई दिया कमरे में उसकी पत्नी थी जिसने जहरीला पदार्थ खाया लिया था वह बदहवास हालत में थी। तत्काल दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनकी जान बच गई लेकिन पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई थी जिसका उपचार जारी है पति की हालत में सुधार आ गया था वह भी डॉक्टरों की निगरानी में है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों अलग समुदाय से हैं 3 साल पहले प्रेम विवाह किया था। आसिफ परिवार से अलग रहता था कुछ महीना पहले ही अपने घर लौटा है उसके दो बच्चे भी हैं जो पत्नी के परिजनों के पास रहते हैं। आसिफ के प्रेम विवाह करने से उसके पिता नाराज है और घर में रखना नहीं चाहते हैं इसी बात को लेकर विवाद चल रहा है, यही वजह पति-पत्नी के सुसाइड करने की अब तक सामने आ पाई फिलहाल दोनों का उपचार जली है बयान दर्ज कर परिवार से काउंसलिंग कराई जाएगी।

## घाटों पर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स का जमीन अभ्यास

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का गुरूवार को जमीनी अभ्यास शुरू किया गया। सेवानिवृत्त अधिकारियों की मौजूदगी में प्रशिक्षणार्थियों को वास्तविक परिस्थितियों की जानकारी दी गई।

गुरूवार को पुलिस सामुदायिक भवन में प्रदेश पुलिस के मुखिया डीजीपी कैलाश मकवाना ने ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान की शुरूआत की थी। जिसका उद्देश्य सिंहस्थ 2028 में पुलिस की व्यापक तैयारी एआई, ड्रोन सर्विलांस, साइबर वारियर्स पोर्टल के साथ बहु स्तरीय सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन रणनीति की तैयारी करना था। अभियान के दूसरे दिन गुरूवार को सेवानिवृत्त डीजीपी सरबजीतसिंह, डीआईजी मनोहर वर्मा सहित अन्य अधिकारियों द्वारा प्रमुख घाटों पर फील्ड विजिट कराकर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिस अधिकारियों को वास्तविक परिस्थितियों में भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। इस दौरान घाटों की संरचना, श्रद्धालुओं की आवाजाही, संभावित भीड़ दबाव वाले क्षेत्रों और उनके प्रभावी प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। बैरिकेडिंग, होल्डिंग एरिया, रूट डायवर्जन एवं इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम का स्थल पर अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान ड्रोन सर्विलांस, सीसीटीवी मॉनिटरिंग एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम के समन्वित उपयोग का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। यह फील्ड अभ्यास प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को व्यवहारिक अनुभव प्रदान करना है, ताकि वे अपने-अपने जिलों में जाकर पुलिस बल को प्रभावी रूप से प्रशिक्षित कर सके।

### दुर्घटना में हुई थी युवक की मौत, पुलिस कर रही जांच

# हत्या का आरोप लगाकर परिजनों ने किया चक्काजाम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

इंदौररोड पर बुधवार-गुरूवार रात घायल हालत में मिले युवक को अस्पताल पहुंचाने पर उसकी मौत होना सामने आया था। सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया और दोपहर में नानाखेड़ा थाने के सामने चक्काजाम कर दिया। मामला दुर्घटना का होना सामने आया है।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के पंथपिपलाई में रात 12.30 बजे घायल हालत में बाइक सवार के पड़े होने की खबर पर डायल 112 पहुंची थी। घायल को चरक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत होना सामने आया। पुलिस ने उसके पास मिले दस्तावेजों से पहचान राज पिता दिलीपनाथ 26 साल निवासी ग्राम कोलूखेड़ी भैरवगढ़ के रूप में करते हुए परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया और गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने राजनाथ की हत्या का आरोप लगाया और ससुराल वालों को दोषी बताने लगे। पुलिस ने मामला दुर्घटना का होना बताया लेकिन परिजन नहीं माने। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में शव नानाखेड़ा थाने लेकर पहुंचे और चक्काजाम कर दिया। थाने के बाहर चक्काजाम होने पर प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव पहुंचे और परिजनों को समझाईश दी, उन्होने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया और मृतक का अंतिम संस्कार करने की बात कहीं। परिजनों ने आश्वासन पर चक्काजाम समाप्त किया और शव कोलूखेड़ी लेकर रवाना हो गये। थाना प्रभारी यादव ने बताया कि परिजनों के आरोप पर दुर्घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा गया है। दुर्घटनास्थल से चार पहिया वाहन तेजगति से गुजरता दिखाई दिया है। उक्त वाहन का पता लगा रहे है। प्रारंभिक जांच में मामला सड़क दुर्घटना का होना समाने आ रहा है। आशंका यह भी जताई जा रही है कि बाइक सवार शराब के नशे में था।



#### परिजन बोले कॉल पर कहा था बचा लो

पोस्टमार्टम के दौरान मृतक राजनाथ के मौसेरे भाई प्रभु और परिजनों ने बताया कि रात 11 बजे राज ने मां को कॉल किया था और बोला था कि मुझे बचा लो। राज अपने ससुराल सांवेर के समीप लक्ष्मणखेड़ी मुंडन के कार्यक्रम में गया था। परिजनों का आरोप था कि ससुराल वालों ने हत्या कर उसे पंथपिपलाई के पास फेंका है। जानकारी यह भी सामने आई है कि ससुराल में शराब पीकर हंगामा करने पर राज का ससुराल वालों से विवाद हुआ था। पुलिस इस बात की तस्दीक भी कर रही है।

#### अस्पताल नहीं पहुंचे ससुराल वाले

राज के परिजनों को हत्या की शंका उस वक्त ओर गहरा गई, जब पत्नी ममता और ससुराल वाले अस्पताल नहीं पहुंचे। जबकि उन्हे राज की मौत होने की खबर दी गई थी। परिजनों बताया कि राज एक बच्चे का पिता था और पत्नी 8 माह की गर्भवती है। वह मजदूरी करता था। कार्यक्रम के दौरान उसका ससुराल वालों से विवाद हुआ था, जिसके चलते उसने कॉल किया था। फिलहाल पुलिस मामला दुर्घटना का होना मानकर जांच कर रही है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com